दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



डांस डे पर शेयर किया .......



बॉलीवुड में पूरे किए 20 साल ....

वर्ष : 12 | अंक : 129 | लखनऊ, 01 मई, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# कांग्रेस-सपा जन्मजात महिला विरोधी: सीएम

## मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन पर बोला तीखा हमला

● सपा शासनकल में महिलाओं की दुर्दशा जगजाहिर

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र से पहले पत्रकार वार्ता में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने इन दलों को महिला विरोधी बताते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संशोधन रोकने के उनके आचरण की निंदा के लिए यह विशेष सत्र बुलाया गया है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दल जन्मजात महिला-विरोधी हैं। उनकी रग-रग में नारी का अपमान भरा हुआ है। जब भी सपा को प्रदेश में सत्ता मिली, महिलाओं पर अत्याचार और क्रूर घटनाओं ने बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं। हर व्यक्ति जानता है कि सपा सरकार के समय देख सफाई, बिटिया घबराई जैसे स्लोगन बन गए थे। स्टेट गेस्ट हाउस कांड हो या अन्य महिला संबंधी अत्याचार, इनकी छवि



जगजाहिर है।

**आप सभी महिलाओं के श्राप से शापित हैं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर आधी आबादी को उनका हक दिलाने का ऐतिहासिक कदम उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप किस नारी गरिमा की बात करते हैं? बदायूं जैसी घटनाओं पर आपके नेताओं के गैर-जिम्मेदाराना बयान आज भी याद किए जाते हैं। मैं भौचक्का हूं कि आप अभी भी महिलाओं की बात करते हैं। आप सभी महिलाओं के श्राप से शापित हैं। कांग्रेस की दुर्गति आप देख ही रहे हैं। उत्तर प्रदेश में 40 वर्ष से वह लगातार बंजर होती जा रही है। आपने भी उसका अनुसरण कर लिया है, इसलिए आपकी भी यही दशा तय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पतन का मुख्य कारण शाहबानो प्रकरण में एक मुस्लिम महिला के साथ किया गया अन्याय और मौलवियों के सामने घुटने टेकने की उसकी मानसिकता थी। तीन तलाक के मुद्दे पर भी आपका महिला-विरोधी चेहरा साफ दिखा, जब प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा लाए गए तीन तलाक कानून का आपने पुरजोर विरोध किया। दुनिया के अधिकांश इस्लामिक देश इस प्रथा को मान्यता नहीं देते, लेकिन आप देश को कठमुल्ला व्यवस्था की ओर ले जाना चाहते हैं। समाजवादी पार्टी की विधायक पूजा पाल प्रकरण, स्टेट गेस्ट हाउस कांड, आजम खान, एसटी हसन और अबू आजमी जैसे नेताओं के महिला-विरोधी बयान स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि आप जाति के नाम पर समाज को बांटते हैं, लेकिन महिलाओं, दलितों और पिछड़ों के प्रति आपकी कोई सहानुभूति नहीं है। आप माफिया के सामने नतमस्तक होते हैं, लेकिन नारी गरिमा और न्याय की रक्षा करने में हमेशा विफल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप नारी गरिमा की बात करते हैं, लेकिन आपके शासनकाल में महिला सुरक्षा की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। वर्ष 2014 में बदायूं में दो नाबालिग चचेरी बहनों के साथ हुई अमानवीय घटना, 2016 में बुलंदशहर में सामूहिक बलात्कार, 2013 में चिनहट में 5 वर्षीय बालिका के साथ घटना, सुल्तानपुर बलात्कार व हत्या प्रकरण और हापुड़ में एसिड अटैक जैसी अनेक घटनाएं आपके समय में लगातार होती रहीं। तत्कालीन मंत्री आजम खान ने बुलंदशहर सामूहिक बलात्कार को राजनीतिक साजिश बताया। इन घटनाओं पर आपके नेताओं के गैर-जिम्मेदाराना बयान आज भी याद किए जाते हैं। एनसीआरबी आंकड़ों के अनुसार महिला अपराध में उल्लेखनीय कमी आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आप लोगों के आचरण को देखकर गिरगिट भी शर्म से पानी-पानी हो जाएगा। संसद में एक रंग और विधानसभा में दूसरा रंग। दिल्ली से लखनऊ पहुंचते ही आप रंग बदल लेते हैं। अनावश्यक मुद्दे उठाकर नैरेटिव बदलने का प्रयास करते रहते हैं, लेकिन पूरा देश आपकी हरकतों को जानता है।

# महिला आरक्षण बिल का विरोध आधी आबादी के अधिकार में बाधा: केशव मौर्य

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री एवं नेता सदन विधान परिषद केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को विधान परिषद में नारी सशक्तिकरण विषय पर अनवरत चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम का विरोध करना देश और प्रदेश की आधी आबादी के अधिकारों के विरुद्ध खड़ा होना है। यदि यह विधेयक पारित हो गया होता तो वर्ष 2029 से महिलाओं को व्यापक राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होता, लेकिन विपक्ष ने इस ऐतिहासिक अवसर को गंवा दिया।

उन्होंने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं राष्ट्र का सम्मान होता है। भारतीय परंपरा और संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को उद्धृत करते हुए उन्होंने



कहा कि महिलाओं को अधिकार देना नहीं, बल्कि उनका अधिकार लौटाना है। स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने नारी की भूमिका को समाज की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी अभियान के अंतर्गत 3 करोड़ महिलाओं को सशक्त बनाने का लक्ष्य पूरा हो चुका है और अब 6 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार मातृशक्ति को उनका पूरा अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए संकल्पबद्ध है। वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन और अन्य योजनाओं के माध्यम से लाखों महिलाओं को सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने भारतीय इतिहास और परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वह देश है जहां सावित्री ने यमराज से अपने पति को वापस लिया, रानी लक्ष्मीबाई ने अद्वितीय वीरता का परिचय दिया, तथा माता कौशल्या, कैकेई, सुमित्रा, यशोदा और देवकी जैसी महान माताओं ने आदर्श चरित्रों को जन्म दिया।

उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना ऊदा देवी, लोकमाता सावित्रीबाई फुले, महादेवी वर्मा, सुषमा स्वराज और पीवी सिंधु जैसी महान महिलाओं के योगदान को भी याद किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### वियतनाम के राष्ट्रपति 5 मई को भारत आएंगे


**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के बुलावे पर वियतनाम के राष्ट्रपति टो लैम 5 मई को भारत आएंगे। लैम



वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी की सेंट्रल कमेटी के जनरल सेक्रेटरी भी हैं। वह 5 से लेकर 7 मई तक भारत में रहेंगे। उनके साथ एक उच्च स्तरीय डेलिगेशन भी होगा, जिसमें वियतनाम सरकार के कई मंत्री और सीनियर अधिकारी शामिल होंगे। एक बड़ा बिजनेस डेलिगेशन भी साथ आएगा।

### जेएंडके को पाक का दिखाने पर माफी मांगी

**काठमांडू।** नेपाल की सरकारी स्वामित्व वाली नेपाल एयरलाइंस ने सोशल मीडिया पर साझा किए



गए अपने नेटवर्क मैप में भारत के जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाने पर माफी मांगी है। एयरलाइन ने इसे एक त्रुटि बताते हुए खेद व्यक्त किया और कहा कि यह गलती अनजाने में हुई। इस तरह की गलती को सुधारा जा रहा है और भविष्य में ऐसी त्रुटि न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### ब्रिटेन भारत को लौटाए कोहिनूर हीरा: ममदानी

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी ने कहा है कि वे ब्रिटेन के किंग चार्ल्स से कोहिनूर



हीरा भारत को लौटाने के लिए कहेंगे। उन्होंने कहा कि कोहिनूर हीरा ब्रिटिश शासन द्वारा भारत से की गई लूट का प्रतीक बन चुका है। ममदानी बुधवार को 9/11 हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित एक समारोह के दौरान किंग चार्ल्स तृतीय से मिले।

## राष्ट्रीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले

# नया भारत आतंकवाद और उसका समर्थन करने वाले देशों में कोई भेद नहीं करता है

ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किए

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत के सैन्य-औद्योगिक परिसर ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि



राष्ट्रीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते राजनाथ सिंह

वह न केवल शांति काल की जरूरतों को पूरा करने के लिए, बल्कि युद्धकाल में तीव्र आपूर्ति और लॉजिस्टिक्स की मांगों को पूरा करने के लिए भी तत्पर है। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने छल या परमाणु हमले की धमकी के आगे घुटने नहीं टेके और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया। यह 'नई विश्व व्यवस्था' है; इस नए वैश्विक युग का 'नया भारत' है। यह वह भारत है जो आतंकवाद और उसका समर्थन करने वालों में कोई भेद नहीं करता।

### साइबर क्षेत्र और अंतरिक्ष युद्ध के परिवर्तन केंद्र में एआई

राजनाथ सिंह ने कहा कि साइबर क्षेत्र, अंतरिक्ष युद्ध और सूचना प्रौद्योगिकी अभिन्न अंग बन गए हैं, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इस परिवर्तन के केंद्र में है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस्तेमाल की गई ब्रह्मोस जैसी अत्याधुनिक मिसाइल प्रणालियों से लेकर विभिन्न निगरानी प्लेटफार्मों तक, एआई को हर जगह अत्यंत प्रभावी ढंग से तैनात किया गया है। इसने हमारी सटीकता और आक्रमण क्षमताओं को बढ़ाया है।

### युद्ध में संतुलित रणनीति ही कारगर: एयर मार्शल दीक्षित

भारतीय वायुसेना के चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ आशुतोष दीक्षित ने कहा कि ड्रोन-मिसाइलों के साथ पारंपरिक ताकत भी जरूरी है। आधुनिक युद्ध में ड्रोन और मिसाइल भले सस्ते विकल्प लगें, लेकिन दीर्घकालिक रणनीति के लिहाज से पारंपरिक हथियार प्रणालियों के साथ संतुलित मिश्रण जरूरी है। उन्होंने कहा कि केवल लागत नहीं, बल्कि प्रभाव और लचीलापन भी अहम हैं।

### 2029 तक 50,000 करोड़ का रक्षा निर्यात करेगा भारत : रक्षा सचिव



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने विश्वास जताया कि भारत 2029 तक 50,000 करोड़ रुपए के रक्षा निर्यात लक्ष्य को आसानी से पार कर जाएगा। वित्त वर्ष 2025-26 में रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 62.66 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि है। वैश्विक संघर्षों ने पारंपरिक रक्षा उपकरणों की मांग बढ़ाई है। अब सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम निर्यात वृद्धि का नेतृत्व कर रहे हैं। एशिया और अफ्रीका के देशों में भारतीय रक्षा प्रणालियों में काफी रुचि है। सरकार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष लाइन ऑफ क्रेडिट योजना पर काम कर रही है।

### डीपफेक, नई और गंभीर चुनौतियां

राजनाथ सिंह ने कहा कि एआई को केवल आशावादी नजरिए से नहीं देखा जा सकता, क्योंकि डीपफेक, साइबर युद्ध और स्वायत्त हथियार प्रणालियां नई और गंभीर चुनौतियां पेश करती हैं। हमें इन चुनौतियों को गंभीरता से ध्यान में रखना होगा, क्योंकि आने वाले समय में ये और भी तीव्र होने वाली हैं। यदि एआई नियंत्रण से बाहर हो जाती है, तो हमारी सुरक्षा के लिए बनाया गया उपकरण ही अंततः विनाश का हथियार बन सकता है।

## इटली के रक्षा मंत्री की राजनाथ से मुलाकात

# द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना पर एमओयू, मौजूदा स्थिति पर चर्चा



राजनाथ सिंह गुइडो क्रोसेटो के साथ

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भारत और इटली के बीच सामरिक रिश्ते अब एक नई ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में अपने इतालवी समकक्ष गुइडो क्रोसेटो के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर भी अपने विचार साझा किए। बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने एक्स पर बताया कि दिल्ली में आज अपने इतालवी समकक्ष गुइडो क्रोसेटो के साथ व्यापक बातचीत करके बहुत खुशी हुई।

### *वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि*

*रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सिंह और क्रोसेटो ने दोहराया कि भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी शांति, स्थिरता, स्वतंत्रता और आपसी सम्मान के साझा मूल्यों पर आधारित है। दोनों ने विभिन्न प्रमुख समुद्री मुद्दों पर दोनों प्राचीन समुद्री राष्ट्रों के बीच सहमति को भी रेखांकित किया गया, जिसमें गुरुग्राम स्थित सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र के माध्यम से सूचनाओं का आदान-प्रदान शामिल है। बैठक से पहले, इतालवी रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। क्रोसेटो ने सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) के सलामी गारद का निरीक्षण भी किया।*

## जम्मू से श्रीनगर तक चली वंदे भारत ट्रेन

# रेल मंत्री वैष्णव ने किया शुभारंभ 5 घंटे से कम समय में यात्रा पूरी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

जम्मू-कश्मीर में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जम्मू तवी रेलवे स्टेशन से विस्तारित श्रीनगर-जम्मू वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन पहले श्रीनगर से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा तक संचालित होती थी, जिसे अब जम्मू तवी तक बढ़ा दिया गया है। नियमित सेवाएं शनिवार से शुरू होंगी। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ट्रेन के कोचों की संख्या भी 8 से बढ़ाकर 20 कर दी गई है। अब जम्मू से श्रीनगर तक का सफर पांच घंटे से भी कम समय में पूरा किया जा सकेगा। ट्रेन जम्मू तवी



से सुबह 6:20 बजे रवाना होगी और श्री माता वैष्णो देवी कटरा, रियासी और बनिहाल स्टेशनों पर ठहराव करते हुए सुबह 11:10 बजे श्रीनगर पहुंचेगी। यानी लगभग 4 घंटे 50 मिनट में यह यात्रा पूरी होगी। वापसी में ट्रेन दोपहर 2:00 बजे श्रीनगर से चलेगी और शाम 6:50 बजे जम्मू तवी पहुंचेगी।

## 12,000 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दुश्मनों का काल बनेगी

# लॉन्ग-रेंज एंटी-शिप मिसाइल के जल्द ही किए जाएंगे परीक्षण

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भारत के हाइपरसोनिक हथियार कार्यक्रम में बड़ी प्रगति सामने आई है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के समीर वी कामत ने गुरुवार को बताया कि भारत का लॉन्ग-रेंज एंटी-शिप मिसाइल (एलआर-एएसएचएम) हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल कार्यक्रम अब उन्नत चरण में पहुंच चुका है और इसके शुरुआती परीक्षण जल्द किए जा सकते हैं। उन्होंने यह जानकारी राष्ट्रीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन 2.0 के दौरान दी।



मिसाइल — इनसेट में समीर कामत

### चलते और स्थिर लक्ष्यों पर निशाना

यह हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल स्थिर और गतिशील दोनों तरह के लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। इसमें स्वदेशी एवियोनिक्स और अत्याधुनिक सेंसर लगाए गए हैं, जिससे इसकी सटीकता काफी बढ़ जाती है। यह मिसाइल मैक 10 (ध्वनि की गति से 10 गुना) यानी लगभग 12,000 किमी/घंटा तक की अधिकतम रफ्तार हासिल कर सकती है।

### लगातार दिशा बदलने में सक्षम

यह हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल क्वासी-बैलिस्टिक ट्रैजेक्टरी का पालन करता है, यानी यह पारंपरिक बैलिस्टिक मिसाइल की तरह सीधी नहीं जाती, बल्कि बीच-बीच में दिशा बदलते हुए लक्ष्य की ओर बढ़ती है। अंतिम चरण में यह अपने स्वदेशी सेंसरों की मदद से मूविंग टारगेट को भी सटीकता से हिट कर सकती है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह कम ऊंचाई पर उड़ान भरती है, बहुत तेज गति से चलती है और लगातार दिशा बदल सकती है, जिससे दुश्मन के ग्राउंड और समुद्री रडार के लिए इसे ट्रैक करना बेहद मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि सबकुछ सरकार के निर्णय पर निर्भर है। एजेंसी इसके लिए पूरी तरह तैयार है। यह एक उन्नत अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल होगी। उन्होंने बताया कि शॉर्ट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' परीक्षण के अंतिम चरण में है और जल्द शामिल होगी।

### ग्लाइड और क्रूज मिसाइल के बीच का समझाया अंतर

कामत ने हाइपरसोनिक ग्लाइड और हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल के बीच अंतर भी स्पष्ट किया। उनके मुताबिक, हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल में स्क्रैमजेट इंजन होता है, जो पूरी उड़ान के दौरान उसे शक्ति देता है। वहीं, हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल को शुरुआती गति देने के लिए बूस्टर का इस्तेमाल होता है, जिसके बाद यह बिना इंजन के ग्लाइड करती है। उन्होंने बताया कि ग्लाइड मिसाइल कार्यक्रम क्रूज मिसाइल की तुलना में अधिक आगे है और इसका पहला परीक्षण जल्द हो सकता है।

# शहर के गुरुद्वारों में गुरु अमर दास जी के प्रकाश पर्व पर सजा विशेष दीवान

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। निआसरों के आसरे, निमानियों के मान, नितानियों के तान, निआसरों के आसरे सिखों के तीसरे गुरु साहिब श्री गुरु अमरदास जी महाराज का प्रकाश पर्व (जन्मोत्सव) आज श्री गुरू सिंह सभा, ऐतिहासिक श्री गुरू नानक देव जी नाका हिंडोला सहित लखनऊ के सभी गुरुद्वारों में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाम का विशेष दीवान 6.30 बजे श्री रहिरास साहिब के पाठ से आरम्भ हुआ जो रात्रि 10.00 बजे तक चला। जिसमें हजूरी रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी में शबद कीर्तनः-भले अमरदास गुण तेरे, तेरी उपमा तोहे बन आवै। गायन एवं समूह संगत को नाम सिमरन करवाया। ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने श्री गुरु अमरदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरू जी का जन्म अमृतसर में हुआ था। आपके पिता जी का नाम श्री तेजभान जी व माता जी का नाम सुलखणी जी था। आप का जीवन बड़ा महान था, कहते है कि जब तक मनुष्य को मन की शान्ति तब तक मनुष्य इधर-उधर भटकता रहता है। इनका जीवन भी कुछ ऐसा ही था



गुरु बनने से पहले आप जी ने कई बार तीर्थो की यात्रा की, पर मन को शान्ति न मिल सकी। एक बार अपने ही घर में ही गुरु अंगद देव जी की सपुत्री बीबी अमरो जी से गुरु जी की बाणी सुनी और गद्गद हो गये, पूछने पर पता चला कि यह श्री गुरु नानक देव जी की बाणी है, उनकी गद्दी पर श्री गुरु अंगद देव जी बैठे हुए हैं। आप खडूर साहिब में आकर गुरु जी के दर्शन कर निहाल हुए, तभी से श्री गुरु अंगद देव जी की सेवा में जुट गये उस समय आपकी उम्र 62 वर्ष की थी इतनी उम्र मे आधी रात को उठकर ब्यास दरिया से पानी का कलश लाकर रोज गुरु जी को स्नान कराते थे और दिन रात उनकी सेवा मे जुटे रहते थे 72 वर्ष की आयु मे सेवा करते देखकर श्री गुरु अंगद देव जी ने आपको गुरु गद्दी सौंप दी और ये निआसरों के आसरे, निमानियों के मान, नितानियों के तान श्री गुरु अमरदास जी बन गये। विशेष रुप से पधारे रागी जत्था भाई दिलेर सिंह जी गुरुद्वारा राजा जी पुरम वालों ने सुरि नर मुनि जन अम्रित खोजदे, सु अम्रित गुर ते पाइआ...शबद गायन कर समूह संगत को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया।

## संक्षेप

### मानसिक विक्षिप्त अधेड़ युवक का मिला शव

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक अधबने मकान में अज्ञात अधेड़ युवक का शव फटे पुराने कपड़ों में लिपटा मिला। मकान से आ रही तेज दुर्गंध के चलते ग्रामीणों को घटना की आशंका हुई और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के जमालुद्दीनपुर गांव निवासी मोहित पुत्र सुनीत का एक अधूरा निर्मित मकान गांव के बाहर है। बुधवार को जब आसपास के लोगों को मकान से दुर्गंध आने का एहसास हुआ तो वे अंदर पहुंचे। वहां जमीन पर फटे-पुराने कपड़ों में एक अधेड़ युवक का शव पड़ा मिला।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी। ।ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और पिछले कई दिनों से इधर उधर गांव के आसपास घूमता रहता था प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### बीमारी के चलते सेवानिवृत शिक्षक का हुआ निधन

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मुन्नाखेड़ा निवासी सेवानिवृत्त हिंदी प्रवक्ता बासुदेव सिंह का गुरुवार को लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई ।बताया गया कि बासुदेव सिंह रामनाथ इंटर कॉलेज, रुजेई में हिंदी के प्रवक्ता रहे और पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। गुरुवार दोपहर लगभग 2 बजे लखनऊ में उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली ।निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के शिक्षकों, साहित्यकारों और सामाजिक व्यक्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। रामनाथ इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य रामेश्वर द्विवेदी ह्यप्रलयंकरह्ण, कमलापति इंटर कॉलेज के प्रवक्ता राजेश मिश्रा, कवि प्रमोद कुमार वर्मा, अनुज तिवारी, निराला डिग्री कॉलेज के प्राचार्य दिनेश त्रिवेदी, एमएम पब्लिक स्कूल के एमडी गौरव अवस्थी व शिखर अवस्थी सहित करणी सेना के जिलाध्यक्ष रानू त्रिवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर बाजपेई, मुन्ना सिंह, नागेश सिंह, सोनू सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पूर्व प्रदेशीय महामंत्री भगवती सिंह, शिक्षाविद डॉ. गणेश नारायण शुक्ला, चंद्र किशोर सिंह व कुलदीप अग्निहोत्री ने श्रद्धांजलि अर्पित की ।शोक व्यक्त करते हुए सभी ने कहा कि बासुदेव सिंह का निधन हिंदी साहित्य एवं शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा।

# विवाहिता ने साड़ी के फंदे लगा कर दी जान, मायके पक्ष ने दहेज हत्या का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र के अमिलिहाखेड़ा गांव में गुरुवार को एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर दहेज के लिए हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है ।मृतका की पहचान अमिलिहाखेड़ा निवासी अजय कुमार की पत्नी अंशिका (लगभग 20 वर्ष) के रूप में हुई है। अजय रोजगार के सिलसिले में वर्तमान में कोलकाता में रहते हैं जो पर्व होली में 3 दिनों के लिए घर आए थे। अंशिका का विवाह 17 नवंबर 2025 को हिंदू रीति-रिवाज से थाना क्षेत्र के ही बैसनखेड़ा गांव निवासी राजेश की बेटी अंशिका के साथ हुआ था ।गुरुवार को अंशिका का शव घर के कमरे में पंखे के हुक के सहारे साड़ी के फंदे से लटका पाया गया। परिजनों ने तत्काल पुलिस और मायके पक्ष को घटना की सूचना दी। दिवंगत की मां बिटल्ला ने अपने परिजनों के साथ पहुंचकर आरोप लगाया कि ससुरालियों ने दहेज में मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी की हत्या कर शव लटका दिया ।वहीं, मृतका की सास सुदेवी ने बताया कि चार दिन पहले बेटे अजय और बहू अंशिका के बीच फोन पर विवाद हुआ था। अंशिका कोलकाता में रह रहे अपने पति अजय के पास जाने की जिद पर अड़ी थी। सुदेवी के अनुसार, बुधवार को वह बहू को उसके मायके लेकर गई थीं। वहां से लौटने के बाद बहू ने खाना बनाया और अपने कमरे में सोने चली गई। सुबह उठने पर उसका शव लटका मिला। थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतका के पति कोलकाता में और पिता हरियाणा में हैं, जिन्हें घटना की सूचना दे दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि मायके पक्ष ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# परिवहन विभाग की सख्ती एक स्कूली बस किया सीज




अमन लेखनी समाचार

अचलगंज, उन्नाव। नन्हें मुन्ने स्कूली बच्चों को भूसे की तरह भरकर निजी व स्कूली वाहनों ले जाने वाले खटारा वाहनों के प्रति परिवहन विभाग ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। गुरुवार को ये आर टी ओ परिवर्तन ने सिकंदरपुर पंसारी मार्ग से एक स्कूली बस को सीज कर अचलगंज पुलिस के हवाले किया है। सिकंदरपुर कर्ण ब्लाक के हिन्दपाल खेड़ा स्थित सविता इंटर कालेज में संचालित एक स्कूली बस को ए आरटीओ परिवर्तन शहपर किदवई द्वारा पकड़ कर सीज की कार्यवाही की गई है ।उन्होंने बताया कि स्कूली बस की फिटनेस व परमिट अपूर्ण होने पर कार्यवाही की गई है।

अभिभावकों की मानी जाए तो मौजूदा समय क्षेत्र में निजी विद्यालयों की बाढ़ आ गई है जिसमें चोरी छिपे दर्जनों अनुबंधित वाहनों से बच्चों की जान जोखिम में डाल कर उन्हें लाया ले जाया जा रहा है ।इन विद्यालयों के छोटे बड़े वाहन नियमों की धज्जियां उड़ाते धड़ल्ले से देखे जा रहे हैं ।अधिकाश के पास परिपत्र और कार्मशियल परमिट भी मौजूद नही है ।यह वाहन चालक मानक से अधिक बच्चे ठूंस कर फरार्टा भर रहे है ।येआरटीओ की इस कार्यवाही से क्षेत्र के प्राइवेट स्कूल संचालकों में दहशत व्याप्त रही।

## तालाब में पड़ा मिला मासूम का शव

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। अपनी मां के ननिहाल गया 10 वर्षीय बालक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। परिजन सारी रात उसकी खोजबीन करते रहे, लेकिन कहीं भी उसका सुराग न लगा। अगले दिन गांव किनारे तालाब में उसका शव मिला। मासूम की मौत से घर परिवार में कोहराम मच गया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर के मोहल्ला घूरे टोला निवासी सुशील अपनी पत्नी लाली और बच्चों के साथ मेरठ में रहकर मजदूरी करता है। बीते मंगलवार को वह परिवार सहित अपने घर लौटा था। इसके बाद बुधवार को लाली अपने बेटे सचिन और बेटी सुनैना को लेकर अपने ननिहाल ग्राम पलिया स्थित मामा मुनेश्वर के घर गई थी ।बताया जा रहा है कि शाम करीब 6 बजे सचिन अचानक लापता हो गया। परिजनों ने पहले आसपास खोजबीन की, फिर देर रात तक पूरे गांव और रिश्तेदारों के यहां तलाश



जारी रखी, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला ।गुरुवार सुबह गांव के किनारे स्थित तालाब में सचिन का शव उतराता मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुशील के चार बच्चों में सचिन इकलौता बेटा था। लगभग 10 वर्ष पहले उसके एक अन्य पुत्र लालू (5) की भी सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। एक पुत्री कल्लो विवाहित है। जबकि सुनैना अभी 12 वर्ष की है। सचिन की मौत से मां लाली और पिता सुशील पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## लकड़ी का गट्ठ गिरा कार पर युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। बुधवार शाम मांगलिक कार्यक्रम में सम्मलित होने के बाद देर रात कार में सवार होकर परिवार सहित वापस घर जा रहे कार पर सामने से आ रहे लकड़ी लदे ट्रक से एक बड़ा बोटा काल बनकर कार के ऊपर गिर पड़ा ।जिससे कार में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई ।जबकि अन्य कार सवार लोग बाल बाल बचे गए। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना फतेहपुर 84 के अब्दुल्लापुर निवासी अंजनी कुमार विश्वकर्मा (45) वर्ष बुधवार शाम को अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ कार से कस्बा औरास में एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में सम्मिलित होने आए थे ।शादी समारोह से देर रात कार पर सवार होकर परिवार सहित अपने घर वापस जा रहे थे ।औरास चकलवंशी मार्ग पर इनायतपुर गांव के पास एक्सप्रेस- वे के पुल के पास पहुंचे ही थे कि इसी बीच सामने से आ रहा यू के लिप्ट्स लदे ट्रक से एक लकड़ी का बड़ा बोटा कार के ऊपर काल बनकर गिर पड़ा ।जिससे कार में सवार अंजनी कुमार विश्वकर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। परिजन उन्हें निजी वाहन से सीएचसी औरास लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने अंजनी कुमार विश्वकर्मा को मृत घोषित कर दिया ।कार में सवार पत्नी व दो बेटे एवं एक बेटी बाल बाल बच गए। हादसे में अचानक हुई मौत से पत्नी एवं बच्चे रो रो कर बेहाल थे ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## वीरा मार्शल आर्मी संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय में गुरुवार को वीरा मार्शल आर्मी संगठन ने उपजिलाधिकारी बीघापुर रनवीर सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए बताया बक्सर-सुमेरपुर मार्ग पर सड़क में गड्ढेः को साथ सड़क टूटी होना, आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर न होना, चेतावनी बोर्ड का न होने के साथ सड़क किनारे अतिक्रमण होने से होने वाले हादसों से क्षेत्र की जनता में भय और आक्रोश का माहौल है। रायबरेली जिले के गेगासो पुल के टूटे होने के कारण हजारों की संख्या ट्रकों के आवागमन से हादसों का खतरा बढ़ गया है। संगठन ने एक सफ्ताह के अंदर इन गंभीर समस्याओं को हल करने की मांग उपजिलाधिकारी से की है। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अमित रावत, राजेन्द्र कसेरा, रवींद्र गौतम, सतीश चंद्र शुक्ला, लोकेंद्र



सिंह, सराय मनिहार प्रधान पिंशू सिंह, आशू सिंह, बसंत सिंह सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# बारात से लौट रहे युवकों पर हमला, लूट का आरोप एक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के कुलहा गांव से बुधवार को राजापुर गढ़ेवा गई बारात से लौट रहे युवकों पर महाई गांव के पास शारदा नहर पुल पर चार पहिया सवार युवकों ने हमला कर दिया। आरोप है कि साइड न देने के विवाद में बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद लाठी-डंडों व धारदार हथियार से पिटाई की गई और नकदी-जेवर लूट लिए गए। घटना में कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

कुलहा निवासी महेंद्र पुत्र पंचीलाल ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह बुधवार रात करीब 12 बजे अपने दोस्तों अश्वनी, अंशु, श्याम किशोर व पिता पंचीलाल के साथ बाइक से बारात से वापस लौट रहे थे। महाई गांव के पास शारदा नहर पर चार पहिया वाहन सवार विनय कुमार पुत्र राकेश कुमार (निवासी फतेहपुर, हाल मुकाम कुलहा), विशाल कुमार (निवासी कुलहा) व आनंद दुबे (निवासी बेथर) ने उनकी बाइकों में टक्कर मार दी, जिससे सभी गिर पड़े।

आरोप है कि इसके बाद चार पहिया सवार युवक वाहन से उतरकर लाठी-डंडों, धारदार हथियार और तमंचे के साथ हमला करने लगे। हमलावरों ने महेंद्र के गले की चेन व करीब 50 ग्राम का ब्रेसलेट तथा अश्वनी की चेन, मोबाइल और 4960 रुपये छीन लिए।

सूचना पर पहुंची पीआरवी के आते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। घायलों को 100 बेड अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से अश्वनी की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। परिजनों के अनुसार मारपीट में कई लोगों के सिर फट गए हैं।

महेंद्र ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी विनय कुमार 28 अप्रैल को उसकी चचेरी बहन व चाची के साथ भी मारपीट और गाली-गलौज कर चुका है, जिसकी शिकायत पहले की गई थी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

प्रभारी कोतवाली राजपाल ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है और मामले की जांच की जा रही है।

## पिकप की टक्कर से विधुत पोल टूट कर लटका किसी भी समय हो सकता बड़ा हादसा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा कालूखेड़ा मार्ग के किनारे असोहा कस्बे में सुधीर गौतम के दरवाजे लगा विधुत पोल कल पिकप की टक्कर से टूट कर लटक गया, पिकप चालक टक्कर मार भाग खड़ा हुआ। कल से टूटा विधुत पोल लटका पड़ा है, विधुत विभाग के कर्मचारी बार बार देख कर निकल रहे परन्तु उसको ठीक करने का प्रयास अभी तक नही हुआ, असोहा कालूखेड़ा व्यस्त मार्ग होने के चलते कभी किसी समय कोई हादसा हो सकता है। ग्रामीण अमृतलाल, फिरोज अहमद, सुधीर गौतम, सरोज कुरील आदि ने बताया कि कल से आज तक तीन बार लाइन मैन इसी जगह से गुजर गए लेकिन अभी तक इसी की तरफ कोई ध्यान नही दिया जबकि हमलोगों ने पाठकपुर पॉवर हाउस कई बार फोन किया परन्तु जे ई साहब का फोन नही लगा। इस



सम्बंध में जब जे ई पाठकपुर शिवेंद्र से दूरभाष पर बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नही उठाया। ग्रामीणों ने विधुत पोल ठीक करा विधुत सप्लाई चालू कराए जाने की मांग की है।

## आरक्षण को लेकर महिलाओं ने निकाली पद यात्रा

अमन लेखनी समाचार




पुरवा, उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी महिला आरक्षण पर गांव गांव गली गली पद यात्रा कर रही है। महिलाओं का सम्मान भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रथम है उसे वह लेकर रहेगी। प्रत्येक कालखंड में महिलाओं का समाज के लिए योगदान अप्रतिम रहा है। रानी लक्ष्मी बाई। रानी चेनम्मा। रानी दुर्गावती महिलाओं ने समाज को नई दिशा दी। इसी क्रम में पुरवा विधान सभा के भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र लोधी के नेतृत्व में पीरजादीगढी, पश्चिम टोला में महिलाओं ने पद यात्रा निकाल कर महिला आरक्षण विरोधी दलों के विरोध में प्रदर्शन किया। मंडल मंत्री अनीता ने कहा कि महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान समाज को महिलाओं के आरक्षण के विरोधी दलों की मंशा समझनी चाहिए, और उन्हें समय आने पर धूल चटानी चाहिए। विरोध प्रदर्शन करने वालों में भाजपा महिला मोर्चा की श्यामा शर्मा, रामश्री, पूजा, मनोरमा, सुनीता, गुड़िया देवी, राम जानकी, सुमन, सोमवती, ललिता सहित सैकड़ों कार्यकत्री उपस्थित रही।

# दो बाइकों की भिंडत दंपति घायल

अमन लेखनी समाचार




औरास, उन्नाव। बुधवार शाम को मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे दंपति की बाइक में सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी ।हादसे में बाइक सवार पति पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए ।जिन्हें स्थानीय सीएचसी पहुंचाया गया ।जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत में घायल युवक को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया ।जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सिविल लाइन उन्नाव निवासी रजोल अवस्थी पुत्र अशोक अवस्थी बुधवार शाम को अपनी पत्नी उषा अवस्थी के साथ बाइक से कस्बा औरास के एक मैरिज लॉन में शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे। वह कस्बा औरास के नर्सरी पुलिया पर पहुँचे ही थे। कि इसी बीच संडीला की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाईक सवार ने सामने से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी ।हादसे में बाइक सवार रजोल अवस्थी व पत्नी उषा अवस्थी दोनों गंभीर रूप से घायल हो कर गिर गए ।जिन्हें सीएचसी औरास पहुंचाया गया ।जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रजोल को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया ।जहां देर रात इलाज के दौरान रजोल की मौत हो गई ।मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। रजोल का साला मुनेश शुक्ला पुत्र कैलाश नाथ शुक्ला औरास थाना पहुँच कर माखी थाना क्षेत्र के कोरारी खुर्द गांव निवासी बाइक चालक महेंद्र पुत्र बेचेलाल के खिलाफ तहरीर दी ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू की।

**सिविल लाइन उन्नाव निवासी रजोल की ससुराल औरास थाना क्षेत्र के बलसिंह खेड़ा की है।**

## गैर जनपद में युवक का फांसी के फंदे पर लटकता मिला शव

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत बदनपुर निवासी राकेश पुत्र राम प्रवेश 20 की कानपुर के रनियां में संदिध अवस्था मे आम के पेड़ से लटका हुआ शव मिला। पोस्टमार्टम उपरान्त शव घर पहुचते ही कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश कानपुर के रनियां में किसी फैक्टरी में जे सी बी चलाया करता था। बुधवार को उसका शव गमछे की सहायता से पेड़ से लटकते देख फैक्टरी कर्मियों द्वारा उसके घर में सूचना दी। परिजनों ने कानपुर पहुँच पुलिस की सहायता से पंचनामा करवा पोस्टमार्टम करवाया। परिजनों ने अपने पुत्र को मार डालने का आरोप लगाया। दिवंगत चार भाइयों विद्याकान्त, वीरबहादुर व अरविंदसे छोटा एवं अविवाहित था ।माँ गंगाजली ने बताया हमारे बेटे से 2 दिन से बात नही हुई थी जब पता



कराया वह हम सबको छोड़ चला गया ।परिजनों ने गुरुवार को उसका अंतिम संस्कार बक्सर घाट पर कर दिया। थानाअध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया परिजनों ने अभी कोई तहरीर नही दी है।

# सड़क पार कर रहे दो युवकों को बाइक सवार ने मारी टक्कर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। चंद्रलोक गेस्ट हाउस के सामने एक बेकाबू बाइक ने रोड क्रॉस कर रहे दो बरातियों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बुधवार रात करीब 11:30 बजे की है ।यह घटना हरदोई-उन्नाव मार्ग पर स्थित चंद्रलोक गेस्ट हाउस के सामने हुई। बरातियों के अनुसार, दोनों युवक सड़क पार कर रहे थे, जबकि बाइक चालक का कहना है कि बाराती डीजे पर नाच रहे थे। गंजमुरादाबाद की ओर से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मारी।

सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाई और घायल युवकों को अस्पताल भेजा। बरातियों ने बाइक चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। हालांकि, घायलों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।



## सम्पादकीय

# अमेरिका-ईरान वार्ता में पाक की खुली पोल

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने खुद को मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश जरूर की, लेकिन हालिया घटनाक्रम ने उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। ईरानी सांसदों ने पाकिस्तान को दो टूक कह दिया कि उन्हें उस पर भरोसा नहीं है। पाकिस्तान अमेरिका के पिट्ठू की तरह काम कर रहा है। यही बात पहले ईरानी मीडिया भी कह चुका है। ईरान का खुले तौर पर पाकिस्तान पर अविश्वास जताना यह संकेत देता है कि इस्लामाबाद की कूटनीतिक भूमिका अब संदेह के घेरे में है। जिस वार्ता को पाक अपने लिए वैश्विक स्तर पर एक अवसर के रूप में देख रहा था, वही उसके लिए असहज स्थिति का कारण बनती दिख रही है। पाकिस्तान में होने वाली दूसरे दौर की वार्ता जिस तरह से शुरू होने से पहले ही रद्द हो गई। उसने साफ संकेत दे दिया है कि अब पाकिस्तान फंसने वाला है। पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भाषा बोल रहे हैं। उससे ईरानी वार्ताकारों के मन में संशय होना अनायास नहीं है। वार्ता के बीच में ट्रंप का मुनीर की प्रशंसा करना स्पष्ट रूप से दिखाता है पाकिस्तान ट्रंप को किसी भी हाल में नाराज नहीं कर सकता। हालांकि इस वार्ता में पाक की हैसियत एक डाकिये से अधिक नहीं रही है। वह सिर्फ अमेरिका के प्रस्ताव को ईरान के समक्ष और ईरान के प्रस्ताव को अमेरिका समक्ष रखने का ही काम कर रहा है। अनेक विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान का समझौता करवाने के लिए बीच में कूदना कहीं न कहीं अमेरिका से ही प्रेरित है। अब देर सबेर उसकी पोल खुलना तय है। ट्रंप जैसे व्यक्ति के साथ किसी भी तरह के समझौते पर पहुंचना आसान नहीं है। उधर, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शरण में पहुंच गए हैं। अगर पुतिन इस समझौते को आगे बढ़ाने के लिए राजी होते है तो शायद इसका समाधान निकल सकता है। हालांकि ट्रंप के व्यवहार को देखते हुए दुनिया के तमाम समझदार देश इससे दूर ही रहेंगे। दरअसल, किसी भी अंतरराष्ट्रीय वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका तभी प्रभावी होती है जब दोनों पक्ष उस पर समान रूप से भरोसा करें। यहां पाकिस्तान इस कसौटी पर खरा उतरता नजर नहीं आ रहा। ईरान का यह आरोप कि पाकिस्तान अमेरिका के प्रभाव में काम कर रहा है, कोई नई बात नहीं है, लेकिन अब यह आरोप खुलकर सामने आना स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के बयानों और रुख ने भी इस धारणा को मजबूत किया है कि इस्लामाबाद स्वतंत्र कूटनीतिक रुख अपनाने में असफल रहा है। कूटनीति में संतुलन और स्वायत्तता बेहद जरूरी होती है, और यही वह क्षेत्र है जहां पाकिस्तान पिछड़ता दिख रहा है। दूसरी ओर, ईरान ने भी अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है। वह किसी भी प्रकार के दबाव में आने को तैयार नहीं है और अपनी शर्तों पर ही वार्ता चाहता है। ऐसे में रूस जैसे देशों की ओर उसका झुकाव यह संकेत देता है कि वैश्विक शक्ति संतुलन में नए समीकरण बन रहे हैं। यदि रूस इस प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाता है, तो पाकिस्तान की भूमिका और भी सीमित हो सकती है। इस पूरे परिदृश्य से एक बड़ी सीख यह मिलती है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में केवल पहल करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि विश्वसनीयता और संतुलन बनाए रखना उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। पाकिस्तान ने जल्दबाजी में खुद को एक बड़े मंच पर लाने की कोशिश की, लेकिन तैयारी और भरोसे की कमी ने उसकी स्थिति कमजोर कर दी।



अपराध

मनोज कुमार अग्रवाल

# लव जिहाद का क्राइम सिंडिकेट

> महाराष्ट्र के अमरावती जिले में 180 नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और उनके अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आने के बाद अब इस पर सियासत भी गरमा गई है। भाजपा ने इसे केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'साजिश' बताया है। भाजपा नेताओं ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसआईटी जांच की मांग की है। आरोपी मोहम्मद अयाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, नासिक में भी सामने आए यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के मामले ने उद्योग जगत को झकझोर कर रख दिया है। जरूरत है ऐसे मामलों में सख्त सख्त कार्रवाई की जाए और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाए।

हाल ही में देश के तीन अलग-अलग शहरों में धर्मांतरण और लव जिहाद के मामले सामने आ रहे हैं। नासिक, अमरावती और सूरत से पुलिस ने एक ही पैटर्न पर लवजेहाद का खुलासा है। इन मामलों में पुलिस कार्रवाई कर रही है। धर्मांतरण और लव जिहाद मामलों में पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ा जा रहा है। इनके नेटवर्क तक पहुंचने का प्रयास हो रहा है। क्या विदेशी कनेक्शन भी है? इसको भी जांच हो रही है। महाराष्ट्र के अमरावती जिले से बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, 180 नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और उनके अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आने के बाद अब इस पर सियासत भी गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी ने इसे केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'साजिश' बताया है। भाजपा नेताओं ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसआईटी जांच की मांग की है।

अमरावती पुलिस ने मोहम्मद अयाज नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि अयाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, खासकर व्हाट्सएप और स्नैपचैट के जरिए नाबालिग लड़कियों को अपने जाल में फंसाया। जांच में पता चला है कि आरोपी ने कम से कम 180 लड़कियों का यौन शोषण किया और उनके 350 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड किए। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया है, जिसमें भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री मिली है। आरोपी फिलहाल सात दिनों की पुलिस हिरासत में है। अमरावती के अलावा नागपुर और परतवाड़ा जैसी जगहों की लड़कियों को भी निशाना बनाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस पूरे मामले की गहराई से जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाने की अपील की है। वहीं, भाजपा विधायक देवयानी फरांदे ने कहा कि आईटी कंपनियों में महिलाओं के साथ अत्याचार और उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने की खबरें आ रही हैं, जो चिंताजनक है।

उधर महाराष्ट्र के नासिक में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के नासिक यूनिट में सामने आए यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के मामले ने उद्योग जगत को झकझोर कर रख दिया है। मामले की मुख्य आरोपी निदा खान को सत्र न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। वहीं, नासिक पुलिस ने उसकी धरपकड़ के लिए जाल बिछा दिया है। पुलिस के अनुसार, इस पूरे मामले में निदा खान की भूमिका बेहद संदेहास्पद है। उस पर कर्मचारियों के जबरन धर्मांतरण में शामिल होने का गंभीर आरोप है। दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक, आरोपी दानिश शेख ने पीड़िता का परिचय तौसीफ और निदा से कराया था। आरोप है कि ये लोग हिंदू देवी-देवताओं और धार्मिक प्रतीकों, विशेषकर शिवलिंग, भगवान कृष्ण और द्रौपदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करते थे, जिससे पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर धर्मांतरण के लिए उकसाया जा सके। फरार निदा खान ने अपनी दो महीने की गर्भावस्था का हवाला देते हुए गिरफ्तारी से सुरक्षा मांगी थी। हालांकि, सोमवार को कोर्ट ने उसे कोई राहत नहीं दी और अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है। जांच में सामने आया है कि इस शोषण का शिकार होने वाली अधिकांश युवतियां



मध्यमवर्गीय परिवारों से हैं, जिनकी उम्र 21 से 30 वर्ष के बीच है और वेतन लगभग 20,000 रुपये प्रतिमाह है। दूसरी ओर, टीसीएस ने स्पष्ट किया है कि कंपनी ने उत्पीड़न के आरोपों में शामिल कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। हालांकि, कंपनी का यह भी कहना है कि उन्हें आंतरिक चैनलों के माध्यम से ऐसी कोई शिकायत पहले प्राप्त नहीं हुई थी। फिलहाल, नासिक पुलिस की एसआईटी कुल नौ एफआईआर की जांच कर रही है, जिसमें छेड़छाड़, मानसिक प्रताड़ना और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसे गंभीर मामले शामिल हैं।

गुजरात में सूरत के इच्छापोर इलाके में एक नाबालिग हिंदू लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। 'लव जिहाद' जैसे इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें मुख्य आरोपी मुस्लिम युवक है और उसकी मदद करने वालों में तीन मुस्लिम और एक हिंदू युवक शामिल है। सोशल मीडिया के जरिए नाबालिक हिंदू युवती को फंसाया गया था और फिर होटल में ले जाकर मुख्य आरोपी ने उससे दुष्कर्म किया था। इच्छापोर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले इच्छापुर गांव में रहने वाले एक श्रमिक परिवार की कक्षा 12 में पढ़ने वाली नाबालिग बेटी को आरोपी मोहम्मद साजिद उर्फ अहद मोहम्मद जावेद पठान ने सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर अपने प्रेम जाल में फंसाया था। प्रेम का नाटक कर वह उसे बहला फुसलाकर एक होटल में ले गया। यहां उसने उसके साथ बार-बार शारीरिक संबंध बनाए। जब इस बात की जानकारी लड़की के परिवार को हुई, तो वे तुरंत इच्छापोर पुलिस स्टेशन पहुंचे और मामला दर्ज कराया। उधर आरोपी पुलिस द्वारा पकड़े जाने की भनक लगते ही अपने पैतृक स्थान बिहार भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पहचान छिपाने के लिए मुख्य आरोपी मोहम्मद साजिद ने अपने मित्र अभय कुमार शर्मा की मदद ली थी। अभय ने मोबाइल एडिटिंग ऐप के जरिए साजिद के आधार कार्ड में नाम बदलकर 'अभिषेक गुप्ता' (एक हिंदू नाम) कर दिया था ताकि होटल में कोई दिक्कत न हो। इसी फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल कर उसने होटल में कमरा बुक किया और लड़की के साथ बलात्कार किया था। यहां बता दें कि लव जिहाद वाली शादियों पर रोक लगाने की तैयारी शुरू हो गई। अपनी पहचान छिपाकर या माता-पिता को अंधेरे में रखकर शादी करना आसान नहीं होगा। इसकी इनिशिएटिव गुजरात से हुई है। राज्य सरकार ने इसके खिलाफ विधान सभा में कानून लाने की तैयारी की रही है।

वहीं, हाल के दिनों में कई शहरों से जिम ट्रेनरों द्वारा महिलाओं को प्रेम जाल में फंसाकर शोषण, ब्लैकमेलिंग और जबरन वसूली के मामले सामने आए हैं। ये घटनाएं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। बीते दिनों सूरत के पाल इलाके में एक सनसनीखेज मामला सामने आया। सिटीलाइट स्थित 'पूजा एल1' जिम के 42 वर्षीय ट्रेनर शब्बीर टूंकवाला पर एक 45 वर्षीय विवाहित महिला को प्रेम जाल में फंसाने, निजी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख की फिरौती मांगने और उसके पति पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। इस तरह की तमाम वारदातों की इन दिनों झड़ी लगी हुई है लगातार देश के तमाम शहर कस्बों में एक समुदाय विशेष के शोहदे हिन्दू लड़कियों को तरह तरह से फंसा कर ब्लैक मेल कर न सिर्फ उनके धर्मांतरण का खेल खेल रहे हैं वरन अनेक मामले में उन्हें ब्लेकमेल कर अवैध देह के धंधे में धकेल दिया जाता है। सरकार को लवजेहाद और धर्मांतरण के लिए सक्रिय तमाम मजहबी फिरकापरस्त लोगों के नियंत्रण के लिए और अधिक सख्ती करनी होगी, वहीं हिन्दू समाज को भी अपनी लड़कियों को आगाह कर जागरूक करना होगा।

## विचार

इंदिरा मिश्र



# मनुष्य को ऊंचे संस्कार कैसे मिलें

भारत का सनातन धर्म बेजोड़ है। इसकी लोगों में कोई स्पष्ट धारणा या दृढ़ निश्चित भावना नहीं है कि हमारा सनातन धर्म है क्या? इसे वेदांत भी माना जा सकता है, अर्थात एक ही मनुष्य को आत्मा और परमात्मा के रूप में अभिन्न माना जा सकता है। इसे हमारे जीवन के 'यम' व 'नियम' भी माना जा सकता हैं जिनमें शामिल होता है व्यक्ति द्वारा सदा पालन किए जाने वाले वो उसूल जिनका सरोकार दूसरों से पड़ता है अर्थात सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अस्तेय एवं अपरिग्रह। नियम वे है जिनका व्यक्ति को स्वयं अपने आप पालन करना होता है-अर्थात ध्यान, धारणा, ईश्वर, प्रणिधान, प्रत्याहार, आसन, समाधि, व स्वाध्याय। मनुष्य व परमात्मा




दोनों एक दूसरे से अभिन्न हैं। हमारे पुराण तथा उपनिषद् ऐसी कथाओं भी से भरे पड़े हैं जो सत्य की विजय, अहिंसा की शांति, ब्रह्मचर्य का तेज, अस्तेय की पवित्रता और अपरिग्रह की निस्वार्थता सत्ता को दर्शाते हैं। ये 'यम' कहलाते हैं। दूसरी ओर अपने आन्तरिक विकास के लिए हमें नियमों का पालन करना होता है। अर्थात ऊंचे आदर्शों की धारणा, उनका तथा हम सब को बनाने वाले ईश्वर का ध्यान व उनके स्वरूप की कल्पना, अपनी इन्द्रियों को वश में रखना, आपने शरीर को संतुलित रखने के लिए आसन, व प्राणायाम करना, अपने मस्तिष्क को सक्रिय रखने के लिए स्वाध्याय तथा समाधि में बैठना।

सत्य, अहिंसा, अस्तेय (चोरी ना करना) व अपरिग्रह (अनावश्यक संग्रह ना करना) बालक को भी शुरू से सिखाने चाहिए। इन आदर्शों का पालन एक व्यवस्थित समाज का निर्माण करता है। यदि कोई इनका पालन नहीं करता तो दुनिया में अराजकता पैदा होगी और हमारा बच्चा भी उसी अराजकता को आगे बढ़ायेगा। यहां पर श्री मां का कथन सुसंगत है। वे कहती है कि यदि माता-पिता स्वयं सत्य नहीं बोलते तो बच्चा आगे चलकर सच बोलेगा इसमें संदेह बना रहेगा। बहुत से बच्चों को कुछ अच्छी बातें उनके माता पिता (अज्ञानवश) जैसे, की सफाई से रहना सिखाते ही नहीं। वह स्वयं वर्षों बाद जाकर साफ रहना सीख पाता है।

श्री मां यह भी कहती है कि नैसर्गिक रूप से हर बच्चों में यह प्रवृत्ति होती है कि वह अपने सामने दुनिया में अच्छाई, न्याय, सफाई, प्रेम, सुरक्षा, आनंद, और सौंदर्य ही देखे। वह देखना चाहता है कि नित्य, निरंतर चमत्कार हों, सचेतन और सतत सफलता हो। जब वह छोटा होता है तो वह चमत्कारों के ही सपने देखता है। वह चाहता है कि सब दुष्टता लुप्त हो जाए। सब कुछ ज्योतिर्मय, सुंदर और प्रसन्न हो। वह सुखान्त कहानियों को पसंद करता है। इस आशावादिता को उसके मन में स्थापित करना चाहिए। किंतु माता-पिता या शिक्षक इस सब पर पानी फेर देने में समय बिता देते हैं, यह कहकर कि ओह! यह तो एक सपना है- यह एक वास्तविकता नहीं है। इस तरह से वे उसे एक आशावान व प्रसन्नचित, बालक बनाने की बजाय उसे एक साधारण या मामूली बालक बना देते हैं और उसमें संकीर्णता या भावनाहीनता ला देते हैं। वे उसमें निराशावाद भर देते हैं। यह भाव माता-पिता स्वयं के अंदर एक तेजाब की तरह है, जो भावी संभावनाओं में आशा निश्चयता और दृढ़ विश्वास को धो डालता है।

कहानी लेखकों की बात पर श्री मां कहती है कि बहुत थोड़े से लोग ही ऐसे होते हैं जो यहां जानते हैं कि कोई सुंदर कहानी कैसे लिखी जाती है। बहुधा अपनी कहानियों में वे भयावह वस्तुओं को शामिल कर देते हैं, जिसका कोई औचित्य भी नहीं होता। अपनी आशावादिता का या सृजनात्मक शक्ति का प्रयोग कैसे किया जाता है-

# जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित

## दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

# तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा




संकलित

## प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

## अंतर्मन

बंगाल में चुनाव प्रचार थमा




## आज की पाती

### हर तरह का अतिक्रमण हटाया जाए

पूरे देश में कहीं भी किया गया अतिक्रमण और सरकारी भूमि पर अवैध नया-पुराना, हर प्रकार का अतिक्रमण और अवैध निर्माण हटाना बहुत जरूरी है। भारत 140 करोड़ व्यक्तियों का देश है। रोटी हर किसी ने खानी है, बच्चे सभी ने पालने हैं। अधिकतम लोग ये धमकियां देते हैं कि वे लोग ऐसे कब्जे नहीं करेंगे तो वे जिएंगे कैसे? इस हिसाब से, ऐसी बदमाशी देश के सभी नागरिक करने लगे तो हमारे समाज और देश का क्या हाल हो जाएगा। अतिक्रमणकारियों, तुम 'रोटी खाकर' तथा अपने 'बच्चे पालकर' देश के ऊपर कोई एहसान नहीं कर रहे हो। ये बहुत बड़ी बदमाशी, नीचता और गुंडागर्दी वाली बात हो जाती है। एक तो सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, ऊपर से कानून व प्राधिकार को चुनौती और धमकियां देना जायज नहीं है। हर तरह के अवैध कब्जे हटने चाहिए।

*-महेंद्र ठाकुर, धमतरी*

## ट्रेंड

### बंगाल में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे



पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद भी सात दिनों तक केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। भले ही भाजपा सत्ता में आ जाए। यह राज्य की सुरक्षा के लिए जरूरी है। लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नही है। ऐसे लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### केजरीवाल का मुखौटा उतरा



भाजपा ने आम आदमी पार्टी को कांग्रेस खिलाफ 'प्रॉक्सी' की तरह इस्तेमाल किया है। अब आप एवं अरविंद केजरीवाल का मुखौटा उतर चुका है। केजरीवाल की पार्टी ने धनकुबेरों को धन के आधार पर राज्यसभा भेजा और अब इसका नाम अरबपति आदमी पार्टी हो जाना चाहिए।

-अजय माकन, कोषाध्यक्ष, कांग्रेस

### क्या सारे सांसद गलत



मैं गलत हो सकता हू लेकिन कुल 7 सांसदों ने पार्टी छोड़ी तो क्या सारे गलत हो गए। इससे पहले भी जिन लोगों ने पार्टी छोड़ी, क्या वह भी गलत हो गए। मैं पार्टी का फाउंडर मेंबर रहा। जिस मकसद से यह पार्टी बनी थी, अब ये वह पार्टी नहीं रही।

-राघव चड्ढा, भाजपा नेता

### सरकार के इशारे पर उत्पीड़न



गाजीपुर में सपा कार्यकर्ता के साथ जो उत्पीड़न हुआ, वह सरकार के इशारे पर हुआ। इसमें सरकारी अधिकारियों व भाजपा से जुड़े लोगों की भूमिका है। भाजपा नही चाहती कि उनकी पार्टी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों के साथ खड़ी होकर उन्हें न्याय दिलाए। -अखिलेश यादव, सपा प्रमुख

## करंट अफेयर

# एनटीपीसी का दो परमाणु इकाइयां लगाने पर विचार

ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की योजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी बिहार के बांका जिले में 700-700 मेगावाट की दो परमाणु इकाइयां स्थापित करने पर विचार कर रही है। इस परियोजना पर लगभग 25,000 करोड़ रुपये का निवेश हो सकता है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि पटना से करीब 250 किलोमीटर दूर स्थित इस जिले में प्रस्तावित दो परमाणु इकाइयों के लिए फिलहाल व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। बिहार सरकार ने परियोजना के लिए पूरा सहयोग और जल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इन इकाइयों के लिए करीब 1,000 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी।



## ऑफ बीट

# मद्यपान यकृत की बीमारी को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार

यकृत बेहद जरूरी अंग है। इंसान को जीने के लिए इसकी जरूरत होती है। यकृत चयापचय और भोजन भंडारण में योगदान देता है, रक्त का थक्का जमाने में



मदद करने वाले प्रोटीन का उत्पादन करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली में अहम भूमिका निभाता है। कोशिका के स्तर पर, शराब एक विषैला पदार्थ है जिसका चयापचय (विघटन) मुख्यत: यकृत में होता है। जब शराब की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है, तो यकृत की कोशिकाएं सूज जाती हैं और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं (यकृत की सूजन को हेपेटाइटिस कहते हैं)। समय के साथ, सूजन या क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की जगह फाइब्रोसिस आ जाता है, यानी सामान्य यकृत ऊतक का स्थान नुकसान पहुंचाने वाले ऊतक ले लेते हैं,

## संक्षेप

### दादरा में पंचायत भवन के सामने हुई गेहूं की नीलामी

**नायब तहसीलदार की मौजूदगी में हुई फसल की सार्वजनिक नीलामी, कई दावेदारों ने आजमाया भाग्य**

मुसाफिरखाना , दादरा में अकृषिक भूमि पर खड़ी गेहूं की फसल की नीलामी मंगलवार को संपन्न हुई। मुसाफिरखाना तहसील प्रशासन ने ग्राम दादरा स्थित पंचायत भवन में यह नीलामी प्रक्रिया नायब तहसीलदार राम लखन वर्मा की देखरेख में पूरी कराई। यह नीलामी गांव की गाटा संख्या 242 में दर्ज श्रेणी (4) की अकृषिक भूमि पर बोई गई गेहूं की फसल के लिए आयोजित की गई थी। प्रशासन द्वारा इसकी सार्वजनिक नीलामी कराई गई।नीलामी में करण सिंह पुत्र जोधा सिंह, प्रकाश पांडे पुत्र इंद्र प्रकाश पांडे (निवासी पूरे पहलवान), राहुल पुत्र हरिशंकर (निवासी दादरा) और पवन कुमार सिंह पुत्र बब्बन सिंह (निवासी दादरा) सहित कई लोगों ने भाग लिया। नीलामी प्रक्रिया 1500 रुपये की शुरूआती बोली से शुरू हुई। प्रतिस्पर्धी बोलियों के बाद, दादरा निवासी राहुल पॉल ने 2900 रुपये की सर्वाधिक बोली लगाकर फसल की नीलामी अपने नाम कर ली। अन्य प्रतिभागी 2800 रुपये से अधिक की बोली नहीं लगा सके। इस दौरान कानूनगो सत्यदेव सिंह और लेखपाल आदित्य कुमार भी मौके पर मौजूद रहे।

### एसपी ने निमार्णाधीन पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण

**गौरीगंज में गुणवत्ता पर दिए निर्देश**

अमेठी , पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने मंगलवार को गौरीगंज स्थित निमार्णाधीन नवीन पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने भवन के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच की और संबंधित अधिकारियों से अब तक हुए कार्य की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने कार्यदायी संस्था और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में उच्च मानकों का पालन किया जाए और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो।

### पत्रकार पर दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच की मांग

**सपा महिला जिलाध्यक्ष ने एसपी अमेठी को सौंपा ज्ञापन**

अमेठी , समाजवादी पार्टी महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष गुंजन सिंह ने पुलिस अधीक्षक सरवरण टी को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने पत्रकार त्रिपुरारी पाण्डेय के खिलाफ दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच की मांग की। यह ज्ञापन 28 अप्रैल 2026 को दिया गया। ज्ञापन में बताया गया है कि पत्रकार त्रिपुरारी पाण्डेय के विरुद्ध साइबर क्राइम थाने में 23 अप्रैल 2026 को मुकदमा संख्या 0003 दर्ज किया गया था। गुंजन सिंह के अनुसार, यह मुकदमा पत्रकार की निष्पक्ष पत्रकारिता को दबाने के उद्देश्य से प्रेरित प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरारी पाण्डेय जनपद में लगातार जनसमस्याओं और भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाते रहे हैं।

# वर्दी में शराब पीते नजर आया दीवान

## प्रयागराज में वीडियो बना रहे राहगीर के पूछने पर बोला- वर्दी की ही देन है

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज ,पुलिस विभाग की छवि को सवालों के घेरे में खड़ा करने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में नगर कोतवाली में तैनात दीवान पवन कुमार सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब पीता नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा चर्चा उस बातचीत की हो रही है जो वीडियो बना रहे राहगीर और दीवान के बीच सुनाई पड़ रही है। वीडियो में जब राहगीर उससे वर्दी की गरिमा को लेकर सवाल करता है तो दीवान कथित तौर पर कहता है कि वर्दी की ही देन हैह्व जिसकी वजह से वह शराब पी रहा है। इसके साथ ही वह खुद को तनाव में बताते हुए शराब पीने की बात भी स्वीकार करता नजर आ रहा है।



### सड़क किनारे बैठकर शराब पीता नजर आया दीवान

वायरल वीडियो किसी सार्वजनिक स्थान का प्रतीत हो रहा है। वीडियो में दीवान सड़क किनारे बैठकर शराब पीता नजर आ रहा है। वीडियो रिकॉर्ड करने वाला व्यक्ति उससे सवाल करता है कि पुलिस की वर्दी पहनने वाले व्यक्ति का इस तरह खुलेआम शराब पीना क्या सही है। इस पर दीवान कथित तौर पर भावुक अंदाज में जवाब देता सुनाई पड़ रहा है। वीडियो में यह भी सुनाई दे रहा है कि वह मानसिक तनाव में होने की बात कह रहा है। हालांकि वीडियो की सत्यता और यह कब रिकॉर्ड किया गया, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

### सोशल मीडिया पर लोगों की तीखी प्रतिक्रियाएं

वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोग इसे अनुशासनहीनता बता रहे हैं। उधर कुछ यूजर्स इसे पुलिसकर्मियों पर बढ़ते वर्कलोड का नतीजा ठहरा रहे हैं।

### इंस्पेक्टर बोले- 10 दिन से छुट्टी पर है दीवान

मामले में नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक नितेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि संबंधित दीवान पवन कुमार पिछले करीब 10 दिनों से अवकाश पर है।उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो कब का है, इसकी फिलहाल जानकारी नहीं है। चूंकि संबंधित पुलिसकर्मी छुट्टी पर है, इसलिए उससे तत्काल संपर्क भी नहीं हो पा रहा है।

# करेली में कबाड़ गोदाम में भीषण आग

## लोग जान बचाने को भागे, लाखों का कबाड़ जलकर राख

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, करेली थाना क्षेत्र में मुर्गा दरबार के पास एक कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और आग की लपटें दूर से दिखाई दे रही थीं। हालांकि, इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन लाखों रुपये का कबाड़ जलकर राख हो गया। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागते नजर आए। आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। उन्होंने बालू और पानी का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग की भीषणता के कारण उनके प्रयास सफल नहीं हो सके। आग तेजी से फैलती गई, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उनकी त्वरित कार्रवाई से आग को आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोका जा सका, जिससे बड़े नुकसान से बचाव हुआ। इस अग्निकांड में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जो राहत की बात है। आग लगने के समय गोदाम में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या किसी लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की गहन जांच कर रहे हैं।



# अग्निकांड पीड़ितों की विधायक ने की मदद

**13 परिवारों को राहत सामग्री बांटी, दलित बस्ती में लगी थी आग**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी, तहसील क्षेत्र के मोचवा गांव में सुबह हुए भीषण अग्निकांड में 13 दलित परिवारों के घर जल गए। इस घटना में उनकी गृहस्थी भी पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे कई परिवार बेघर हो गए। अग्निकांड की सूचना मिलने के बाद अमेठी विधायक महाराजी प्रजापति गांव पहुंचीं और पीड़ितों को आवश्यक राहत सामग्री वितरित की। यह अग्निकांड सोमवार की सुबह मोचवा सराय हिरमती गांव में हुआ था। आग लगने से 13 दलितों के मकान जलकर राख हो गए, और उनकी सारी गृहस्थी भी समाप्त हो गई। विधायक महाराजी प्रजापति ने अग्निकांड पीड़ितों को राशन सामग्री किट, साड़ियां और आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। राहत सामग्री प्राप्त करने वाले 13 पीड़ितों में रामसेवक कोरी, रामजस कोरी, रंजीत कोरी, संजीत कोरी, मेवालाल, शांति देवी (पत्नी बाबूलाल कोरी), रामकिशोर कोरी, राजेश कोरी, फूलचंद्र कोरी, देवी दीन कोरी, वंशीलाल कोरी, रामदुलारे कोरी और उर्मिला (पत्नी गुरुदयाल कोरी) शामिल हैं। इस दौरान मौके पर डॉक्टर प्रोफेसर रूदल यादव, ददन प्रधान, पिंटू यादव सहित कई ग्रामवासी मौजूद रहे।



# कांग्रेस नेता ने जनसमस्याओं पर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

## बिजली मीटर, दिव्यांग पास और विश्वकर्मा योजना में देरी का मुद्दा उठाया

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर ,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव रंजीत सिंह सलूजा ने तीन प्रमुख जनसमस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस ज्ञापन में बिजली मीटर, दिव्यांगों के रोडवेज पास और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन में हो रही देरी जैसे मुद्दों पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया है। पत्र में रंजीत सिंह सलूजा ने बताया कि बिजली विभाग ने पूर्व में उपभोक्ताओं की सहमति के बिना लाखों पोस्टपेड कनेक्शनों को प्रीपेड में बदल दिया था। हालांकि, अब प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि बिना सहमति के मीटर नहीं बदले जाएंगे। सलूजा का आरोप है कि जो उपभोक्ता अपना मीटर वापस पोस्टपेड करवाना चाहते हैं, विभाग उनके आवेदनों को यह कहकर खारिज कर रहा है कि उन्हें शासन से कोई स्पष्ट निर्देश नहीं मिले हैं।दिव्यांग यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहादूसरा गंभीर मुद्दा दिव्यांगों की यात्रा से संबंधित है। ज्ञापन के अनुसार, रोडवेज बसों के कंडक्टर दिव्यांगों के पुराने 'वऊकऊ' पास को स्वीकार नहीं कर रहे हैं और 'स्मार्ट कार्ड' की मांग कर रहे हैं। वहीं, जब दिव्यांग संबंधित विभाग के पास जा रहे हैं, तो उन्हें बताया जा रहा है कि सरकार ने अभी तक कोई नया स्मार्ट कार्ड जारी नहीं किया है। इस असमंजस के कारण दिव्यांग यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।रंजीत सिंह सलूजा ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि जनपद की हजारों महिलाओं और पारंपरिक कारीगरों (जैसे बढ़ई, लोहार, कुम्हार) ने 15,000 की टूल किट सहायता के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था।

आवेदन के काफी समय बाद भीपात्र लाभार्थियों को सिलाई मशीन या टूल किट नहीं मिली है



# गाजीपुर में पूर्व मंत्री पर हमले, दुष्कर्म मामले पर प्रदर्शन

**सुल्तानपुर में अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन**

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर ,अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा और विश्वकर्मा ब्रिगेड के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन राज्यपाल को संबोधित था, जिसमें गाजीपुर में पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा पर हुए हमले और एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म व हत्या के मामले में न्याय की मांग की गई है। यह घटना गाजीपुर जिले के करण्डा थाना क्षेत्र के कटरिया गांव से संबंधित है। आरोप है कि यहां सियाराम विश्वकर्मा की नाबालिग बेटी निशा विश्वकर्मा के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद शव को गंगा नदी में फेंक दिया गया था। पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा निशा के परिजनों से मिलने गांव पहुंचे थे। आरोप है कि पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों की अनुमति से पहुंचे पूर्व मंत्री पर सीओ सिटी गाजीपुर, थानाध्यक्ष करण्डा और अन्य पुलिस बल की मौजूदगी में ग्राम प्रधान आशुतोष सिंह 'आशु' द्वारा पथराव किया गया। इस हमले में पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए, और पार्टी के कई कार्यकर्ता भी चोटिल हुए।




# प्रधानों ने कार्यकाल विस्तार की मांग की

## प्रशासक व्यवस्था पर असहमति, चुनाव प्रक्रिया अधूरी होने का तर्क

अमन लेखनी समाचार

अमेठी ,पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने से पहले ग्राम प्रधानों ने सक्रियता बढ़ा दी है। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान कलेक्ट्रेट पहुंचे और पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की। उन्होंने जिलाधिकारी संजय चौहान को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक पत्र सौंपा।प्रधानों ने गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह को भी इस विषय में अवगत कराया। उनका कहना है कि मौजूदा परिस्थितियों में पंचायत चुनाव समय पर कराना संभव नहीं दिख रहा है, जिससे पंचायतों के संचालन को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बन रही है। प्रधानों ने बताया कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभी पूरा नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त, पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन लंबित है और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया भी अधूरी है। इन कारणों से समय पर चुनाव कराना कठिन है।प्रधानों ने प्रशासक व्यवस्था पर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने तर्क दिया कि पूर्व में जब पंचायतों में प्रशासक नियुक्त किए गए थे, तब पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल उठे थे। कई स्थानों पर वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतें भी सामने आई थीं, जिससे ग्रामीणों का भरोसा प्रभावित हुआ था। प्रधानों का मानना है कि निर्वाचित ग्राम प्रधान सीधे जनता से जुड़े होते हैं और क्षेत्र की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझते हैं। जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तय रहती है, जिससे विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहती है। उन्होंने अन्य राज्यों का भी हवाला दिया जहां समान परिस्थितियों में निर्वाचित प्रतिनिधियों से ही कार्य कराया गया।



# पंचायत चुनाव टलने पर प्रधानों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

## अलीगढ़ में 500 प्रधानों ने भरी हुंकार, चुनाव जल्द कराने की मांग

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़ , पंचायत चुनाव में देरी को लेकर प्रधानों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 28 अप्रैल 2026 को जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट पर प्रधान संगठन के नेतृत्व में सैकड़ों प्रधानों ने प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने पंचायत चुनाव जल्द कराने या वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की।प्रधान संगठन अलीगढ़ के अध्यक्ष चौधरी बनी सिंह के नेतृत्व में जिले के सभी 12 ब्लॉकों से प्रधान जिला मुख्यालय पहुंचे। संगठन के अनुसार, जनपद के कुल 852 प्रधानों में से लगभग 500 प्रधान इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार चुनाव नहीं कराती और गांवों में प्रशासक नियुक्त करती है, तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। प्रधानों ने स्पष्ट किया कि वर्तमान पंचायतों का कार्यकाल 26 मई को समाप्त हो रहा है, इसलिए सरकार को इस पर जल्द स्पष्ट निर्णय लेना चाहिए। चौधरी बनी सिंह ने कहा कि गांव की समस्याओं और विकास कार्यों की सही जानकारी केवल चुने हुए प्रधानों को होती है। उनके अनुसार, प्रशासनिक अधिकारी या एडीओ पंचायत ग्रामीण जरूरतों को उतनी अच्छी तरह नहीं समझ सकते जितनी अच्छी तरह प्रधान समझते हैं। प्रधान संगठन ने आरोप लगाया कि यदि गांवों में प्रशासक नियुक्त किए गए तो विकास कार्य प्रभावित होंगे और पंचायतों की समस्याएं लंबित रह जाएंगी। संगठन ने यह भी चेतावनी दी कि यदि सरकार ने प्रधानों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा। इस प्रदर्शन के बाद पंचायत चुनाव को लेकर सरकार पर दबाव और बढ़ गया है। अब सभी की नजरें शासन के अगले फैसले पर टिकी हैं।



# हाईवे पर शॉर्टकट लेने में पति-पत्नी, 2 बच्चों की मौत

## शाहजहांपुर में तेज रफ्तार बोलेरो के सामने आई बाइक, बच्चों के सिर फटे

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर,हाई-वे पर शॉर्टकट लेने के चक्कर में पति-पत्नी और उनके दो बच्चों की जान चली गई। बोलेरो और बाइक की आमने-सामने टक्कर हुई। पति-पत्नी बोलेरो के नीचे आने के बाद घिसटते चले गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बेटी और बेटा उछलकर 10 फीट दूर गिरे। दोनों के सिर फट गए। हादसे के समय वहां मौजूद लोगों ने बताया कि बाइक सवार युवक ओवरब्रिज पर रॉन्ग साइड से घुसा था। बोलेरो की स्पीड 100 से ज्यादा थी। जिसके चलते उसका ड्राइवर गाड़ी को कंट्रोल नहीं कर पाया और हादसा हो गया। घटना गुरुवार सुबह करीब 11 बजे जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर डीपीएस स्कूल के पास हुई।निगोही थाना क्षेत्र के रामनगर बगिया गांव के रहने वाले अरुण की शादी 14 साल पहले हुई थी। वह प्राइवेट जॉब करते थे। बुधवार को उनके साले सर्वजीत की शादी थी। वह स्प्लेंडर प्लस बाइक (यूपी 27-इश- 3343) से पत्नी और दोनों बच्चों के साथ ससुराल पुवायां के सिलखड़ी गांव गए थे। इस दौरान बेटी प्रियांशी अपने दादा-दादी के पास रुक गई थी।गुरुवार को शादी के बाद अरुण पत्नी और बच्चों के साथ घर लौट रहे थे। सुबह 11 बजे डीपीएस स्कूल से कुछ दूर पहले फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार बोलेरो (वढ 82-द-8382) ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे से मची चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे।




### गाड़ी छोड़कर भागा बोलेरो ड्राइवर

राहगीरों को आता देख बोलेरो का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक अरुण, नैतिक और दीक्षा की मौत हो चुकी थी। पत्नी सीमा दर्द से तड़प रही थीं। पुलिस ने सीमा को पुवायां सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, अरुण धोबी (35) अपनी पत्नी सीमा (30), बेटे नैतिक (4) और बेटी दीक्षा (10) के साथ साले की शादी में गए थे। वहां से घर लौट रहे थे। परिवार में अब सिर्फ 12 साल की बेटी प्रियांशी बची हुई है। उसका रो-रोकर बुरा हाल है।

# 16 वर्षीय छात्रा ने की आत्महत्या

**हाल ही में इंटर पास किया था, कमरे में लटका मिला शव**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , कोहंडौर थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा ने हाल ही में इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।मृतक छात्रा की पहचान खुशबु रजक (16) पुत्री श्रीपाल के रूप में हुई है, जो मूल रूप से सागींपुर घुईसरनाथ की निवासी थी। वह बचपन से ही कोहंडौर थाना क्षेत्र के सुन्दरियां पुरवा स्थित अपने मामा के घर रह रही थी। सोमवार शाम जब घर के अन्य सदस्य बाहर गए हुए थे, तब खुशबु ने अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजाकुछ देर बाद उसकी मामी नीलम घर लौटीं। उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। शक होने पर मामी ने खिड़की से झांककर देखा तो खुशबु फंदे से लटकी हुई दिखाई दी। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलने पर कोहंडौर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर शव को नीचे उतारा और उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मामी नीलम की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है।



# युवती से दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला

## मुख्य आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित, स्पेशल टीम और स्थानीय पुलिस की दबिश तेज

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ ,19 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले ने पूरे जिले को दहला दिया है। इस गंभीर मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी शुभम सोनकर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।एसपी के निर्देश पर रडऋ, स्पेशल टीम और स्थानीय थाना पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया है। पुलिस लगातार दबिश दे रही है, लेकिन घटना के दो दिन बाद भी मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। घटना कैसे हुई जानकारी के मुताबिक, शनिवार रात युवती अपने नाबालिग प्रेमी से मिलने के लिए घर से निकली थी। आरोप है कि उसी दौरान उसे बाग में ले जाकर दुष्कर्म किया गया और बाद में उसकी हत्या कर शव को आम के पेड़ से लटका दिया गया। इस मामले में कुल तीन लोगों के नाम सामने आए हैं। पुलिस ने नाबालिग प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका साथी शुभम सोनकर अभी फरार है। प्रेम संबंध और कॉल डिटेल से खुलासा पुलिस जांच में सामने आया है कि युवती और नाबालिग के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। बताया जा रहा है कि युवती अपने पिता के मोबाइल से उससे संपर्क करती थी और घटना वाली रात 9 बजे से 11 बजे के बीच 9 बार कॉल भी की गई थी। इन्हीं कॉल्स के आधार पर उसे आधी रात को बाग में बुलाया गया, जहां इस वारदात को अंजाम दिया गया।पुलिस का बयानएसपी दीपक भूकर ने बताया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। एसपी ने स्पष्ट किया कि इस जघन्य अपराध में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।



## संक्षेप

### ग्रीनफील्ड हाईवे पर हादसा, कैंटर चालक की मौत

#### बागपत में टटीरी के पास तीन वाहनों की टक्कर

बागपत , दिल्ली-देहरादून ग्रीनफील्ड हाईवे पर अग्रवाल मंडी टटीरी के पास एक सड़क हादसा हुआ। इसमें तीन वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में कैंटर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।मृतक कैंटर चालक की पहचान बिहार के शेखपुरा जनपद के लोधीपुर निवासी 35 वर्षीय रंजीत यादव के रूप में हुई है। रंजीत सोमवार रात मुजफ्फरनगर से कैंटर लेकर दिल्ली जा रहे थे। अग्रवाल मंडी टटीरी के पास सड़क किनारे ईंटों से भरा एक ट्रक खड़ा था। अंधेरा और तेज रफ्तार के कारण रंजीत का कैंटर सीधे ट्रक से टकरा गया।टक्कर इतनी जोरदार थी कि कैंटर का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इससे चालक रंजीत यादव की मौके पर ही मौत हो गई। इसी बीच, पीछे से आ रही एक पिकअप गाड़ी भी कैंटर से टकरा गई, जिससे हादसा और बढ़ गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे चालकों को बाहर निकाला। कैंटर चालक रंजीत यादव को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल पिकअप चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अल्ट्रासाउंड सेंटर पर 20 हजार में भ्रूण लिंग जांच

#### स्वास्थ्य विभाग ने छापेमारी कर पकड़ा, मशीन सीज, संचालक हिरासत में

बागपत, भ्रूण लिंग जांच के आरोप में एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर हरियाणा और बागपत स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की है। मेरठ रोड पर स्थित इस सेंटर को अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। टीम ने अल्ट्रासाउंड मशीन को सीज कर दिया और सेंटर के संचालक को हिरासत में ले लिया।छापेमारी के दौरान पाया गया कि सेंटर पर बिना किसी योग्य डॉक्टर की मौजूदगी के अल्ट्रासाउंड किए जा रहे थे। संचालक और अन्य कर्मचारी बिना डिग्री के ही अल्ट्रासाउंड कर रहे थे, जिससे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा था। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग को शिकायत मिली थी कि यह सेंटर 20 हजार रुपये लेकर भ्रूण लिंग जांच का अवैध धंधा चला रहा था। इसी सूचना के आधार पर हरियाणा की टीम अचानक बागपत पहुंची और स्थानीय स्वास्थ्य विभाग को साथ लेकर कार्रवाई की।हरियाणा स्वास्थ्य विभाग टीम के डॉक्टर मनप्रीत सिंह ने बताया कि मौके से अल्ट्रासाउंड के नाम पर ली गई 20 हजार रुपये की रकम भी बरामद की गई है। संचालक को बागपत कोतवाली ले जाया गया है, जहां उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई ने बागपत के स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला मुख्यालय के पास स्थित इस अवैध सेंटर पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई, जबकि हरियाणा की टीम को यहां आकर छापेमारी करनी पड़ी। यह जिले में इस तरह का पहला मामला नहीं है।

# जहानाबाद क्षेत्र के मुख्य आरक्षी का गंभीर बीमारी से हुआ निधन

## थाना प्रभारी समेत पुलिस बल ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर सम्मान

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव जाफरपुर सिठर्रा के मजरा कंजर डेरा निवासी 55 वर्षीय उत्तर प्रदेश पुलिस में मुख्य आरक्षी इंदल सिंह का लंबी बीमारी के चलते विगत दिवस 29 अप्रैल को देर शाम देहावसान हो गया यह जानकारी जैसे ही गांव समेत क्षेत्र वासियों को लगी तो क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई मिली जानकारी के अनुसार मुख्य आरक्षी इंदल सिंह अकबरपुर कानपुर देहात जनपद में रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात थे वहीं लगभग पिछले 1 वर्ष से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे नजदीकी जनपद कानपुर के मधुराज हॉस्पिटल में इनका उपचार चल रहा था जहां बिगत दिवस बुधवार को आरक्षी की सांसे थम गई कल आरक्षी का पार्थिव शरीर पैतृक गांव लाया गया जहां शाम पहर स्थानीय पुलिस बल द्वारा आरक्षी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित करते हुए अंतिम विदाई दी गई अंतिम संस्कार में थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि तथा वरिष्ठ नागरिकों का भारी जन सैलाब दिखाई पड़ा परिजनों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार आरक्षी की पत्नी आशा देवी का हृदय गति रुक जाने से पिछले लगभग चार माह पूर्व निधन हो चुका है वही इस घटना से बेटा बृजेश अभिषेक तथा उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत पुत्रवधू आदि सभी शोकाकुल दिखाई पड़े

# पत्नी के प्रेम संबंध से आहत पति ने जहर खाकर दी जान, बेटे ने मां समेत चार पर दर्ज कराया मुकदमा

## मानसिक तनाव से परेशान था मृतक, पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर शुरू की जांच

अमन लेखनी समाचार




कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां पारिवारिक विवाद और कथित अवैध संबंधों से परेशान एक व्यक्ति ने जहर खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक के बेटे ने इस मामले में अपनी मां समेत चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

बेटे द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि उसकी मां पूनम का पड़ोसी गिरिंद्र के साथ प्रेम संबंध था। करीब एक वर्ष पहले गिरिंद्र उसकी मां को अपने साथ ले गया था, जिससे परिवार में लगातार तनाव बना हुआ था।आरोप है कि मृतक राजेश कुमार ने कई बार दोनों को समझाने की कोशिश की और गिरिंद्र से अपनी पत्नी से दूर रहने को कहा। उन्होंने यह भी कहा था कि उनके परिवार में एक बेटा और एक बेटी है, लेकिन इसके बावजूद दोनों ने उनकी बात को नजरअंदाज कर दिया और साथ रहने लगे।

परिजनों के अनुसार, इस घटना से राजेश कुमार मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगे थे। गांव में चर्चा होने से उनका तनाव और बढ़ गया था। बेटे का आरोप है कि गिरिंद्र के इस पूरे मामले में उसके चाचा राकेश और बहन शिवकली (पत्नी सुभाष) भी सहयोग करते थे।

बताया गया कि 28 अप्रैल को राजेश कुमार ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें कछौना के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। बाद में शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

पुलिस ने बेटे की तहरीर पर मां पूनम, गिरिंद्र, राकेश और शिवकली के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है।

# रिश्वत लेते पकड़े गए दरोगा का रिश्ता टूटा

#### 5 मई को मंत्री की भतीजी से होनी थी शादी, एंटी करप्शन टीम ने की थी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , पल्लवपुरम थाने में तैनात 2023 बैच के दारोगा छत्रपाल को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के बाद उनका रिश्ता टूट गया है। छत्रपाल का रिश्ता प्रदेश सरकार में पशुधन, दुग्ध विकास व राजनीतिक पेंशन विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह की भतीजी से तय हुआ था, लेकिन जेल जाने के बाद लड़की पक्ष ने विवाह से इनकार कर दिया।बताया गया है कि पांच मई को शादी होनी थी और तैयारियां भी लगभग पूरी हो चुकी थीं। इसी बीच दारोगा के रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद रिश्ता खत्म कर दिया गया। मंत्री धर्मपाल सिंह ने खुद इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि ऐसे मामले सामने आने के बाद रिश्ता रखना संभव नहीं था। जेल में रो पड़ा दारोगा गिरफ्तारी के बाद दारोगा छत्रपाल का भावुक रूप भी सामने आया। जेल में वह फूट-फूटकर रोने लगा और अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगता रहा। बताया गया है कि उसने हवालात में खाना भी नहीं खाया और अपने साथियों से मदद की गुहार लगाई।रिश्वत लेकर क्लीनचिट देने का आरोप मामला पल्लवपुरम क्षेत्र का है, जहां 17 नवंबर को पुलिस ने करीब 20 किलो गांजा के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इस मामले की विवेचना दारोगा छत्रपाल को सौंपी गई थी। आरोप है कि उसने एक आरोपी की पत्नी को क्लीनचिट देने के नाम पर पहले एक लाख रुपये लिए और बाद में दोबारा पैसे की मांग की।

# अवैध हथियार फैक्ट्री वाले तहखाने का वीडियो वायरल

## एक बार में एक ही व्यक्ति कर सकता है प्रवेश, अंदर लाइट, वेंटीलेशन की व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , घर के अंदर डबल बैड में तहखाना बनाकर हथियार फैक्ट्री चलाने वाले बदमाशों ने सोचा था कि वह कभी पकड़े नहीं जाएंगे लेकिन पुलिस या कहें तो स्वॉट टीम ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। तहखाने का वीडियो वायरल हो गया। हर कोई उसे देखकर हैरानी जताता दिखा। ग्रामीणों ने कहा कि घर में रहने वाला परिवार शायद इसी राज के कारण आस पड़ौस में किसी से मतलब नहीं रखता था।पहले जानिए क्या है पूरा मामला लोहिया नगर पुलिस ने स्वॉट टीम के साथ मिलकर अल्लीपुर गांव के एक घर में अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। चौकाने वाली बात यह थी कि जिस घर में यह फैक्ट्री चल रही थी, उसमें पुलिस को चकमा देने के लिए तहखाना बनाया गया था। पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार करते हुए इस पूरे खेल का पदार्फाश किया था। इस मामले में मकान स्वामी समेत अभी 10 लोग फरार हैं, जिनमें फैक्ट्री संचालक भी शामिल है।सवा मिनट का वीडियो आया सामने वायरल वीडियो में तहखाना दिखाई दे रहा है। यह तहखाना डबल बैड के नीचे है लेकिन उसका रास्ता बैड के एक बॉक्स के अंदर से बनाया गया है। अंदर अंधेरा है। एक शख्स हाथ में मोबाइल लेकर अंदर घुसता है। सकरा रास्ता है लेकिन जब वह नीचे उतरता है तो अंदर दीवार पर लाइटिंग बोर्ड, वेंटीलेशन के लिए लगाए गए चौड़े पाइप दिखाई देते हैं। लगभग सवा मिनट के इस वीडियो में हथियार बनाने में प्रयुक्त होने वाला कुछ कच्चा माल भी दिखाई दे रहा है। अब जानते हैं इस घर के बारे में दैनिक भास्कर की टीम अल्लीपुर गांव पहुंची। ग्रामीणों से बात करने की कोशिश की तो वह बचते दिखे। फिर अचानक उस शख्स से मुलाकात हुई, जिसकी जमीन पर यह घर बनाया गया था। उस शख्स का नाम था नईमुद्दीन। जिन्होंने बताया कि वह आठ वर्ष पहले इस जमीन को बेच चुके हैं। नईमुद्दीन से पूरे मामले पर चर्चा हुई, जिसके बाद वह टीम को इस जमीन से जुड़ी कहानी बताने को राजी हो गये। उन्होंने बताया कि आठ वर्ष पहले उन्होंने अपनी यह जमीन मूलरूप से खुर्जा की रहने वाली नाजिया उर्फ रजिया को बेच दी थी। उस समय तीन हजार रुपये गज के हिसाब से 70 गज जमीन का सौदा हुआ था। टीम ने नाजिया के बारे में जाना। पता चला वह मकान बेचकर इसी गांव में किराए के मकान में रह रही है। जल्द ही नाजिया उर्फ रजिया से भी संपर्क हो गया।

# 12वीं के छात्र ने खेत में छिपाये थे अवैध हथियार

#### पुलिस ने चेकिंग के दौरान बैग से किया था तमंचा बरामद, 7 तमंचे बरामद

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , मेरठ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध हथियार बरामद किए हैं। यह हथियार खेत में छिपाए हुए थे। युवक इन्हें बेचने की तैयारी कर रहा था। एक तमंचा सप्लाई करने निकला था लेकिन उससे पहले ही युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस युवक का नेटवर्क खंगाल रही है। एक नजर डालते हैं पूरे मामले पर पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता के दौरान एसपी देहात अभिजीत कुमार ने बताया कि देर रात मवाना पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार युवक को पुलिस ने चेकिंग के लिए रोका। युवक के कंधे पर बैग था। जैसे ही बैग की तलाशी ली तो उसमें एक तमंचा बरामद हो गया। इसके बाद पुलिस युवक को पकड़ कर थाने लेकर आ गई।निशान देही पर पिस्टल व तमंचे बरामद रात भर पुलिस के द्वारा पूछताछ की गई। सख़्ती से की गई पूछताछ में युवक ने अवैध हथियारों से जुड़ा राज खोल दिया। इसके बाद पुलिस ने युवक की निशानदेही पर बिसौला गांव में एक खेत में गड्ढा खोदकर छुपाए गए कुछ और हथियार ढूंढ निकाले। पुलिस ने यह हथियार जाप किया और थाने लेकर आ गई।यह हथियार किए गए बरामद आरोपी युवक ने अपनी पहचान मुजम्मिल पुत्र मूसा निवासी ग्राम बिसैला थाना इंचोली मेरठ के रूप में कराई।

# मुठभेड़ में 2 लुटेरे गिरफ्तार

## गोली लगने से घायल, बोले- गर्लफ्रेंड के शौक पूरे करने को महिलाओं के कुंडल-चेन लूटते थे

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद , वेव सिटी थाना क्षेत्र में सोमवार आधी रात पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इस गैंग में तीन बदमाश शामिल थे, जिनमें से एक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पिछले एक महीने में लूट की तीन वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। उनका कहना है कि शौक पूरे करने के लिए वे महिलाओं से कुंडल और चेन लूटते थे। गोली लगते ही गिड़गिड़ाने लगा बदमाश एसीपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल ने बताया कि घायल बदमाशों की पहचान दीपक नागर पुत्र भंवर सिंह और सचिन नागर पुत्र सौराज के रूप में हुई है। दोनों नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र के कचेड़ा गांव के रहने वाले हैं। इसी गांव का तीसरा आरोपी अंकित जाटव पुत्र अमर सिंह अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। दोनों बदमाशों के पास से लूटे गए कुंडल, दो तमंचे और एक बाइक बरामद की गई है।महिलाओं को बनाते थे निशानापूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि सोमवार को उन्होंने पैदल जा रही एक महिला से तमंचे के बल पर कुंडल लूटे थे। इसके बाद वे नोएडा भागने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने यह भी कबूला कि इससे पहले भी वे दो अन्य लूट की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। 25 अप्रैल को इकला के पास भी एक महिला से जेवर लूटे गए थे। एसीपी प्रिया श्रीपाल ने बताया कि रात में पुलिस को सूचना मिली थी कि काले रंग की बाइक पर कुछ संदिग्ध लोग जा रहे हैं। सूचना के आधार पर वेव सिटी पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायरिंग कर दी। पुलिस से घिरता देख आरोपी बाइक छोड़कर भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें दोनों बदमाश घायल हो गए। गर्लफ्रेंड के शौक पूरे करने के लिए करता था लूटघायल बदमाश दीपक ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड के शौक पूरे करने के लिए लूटपाट करने लगा था। इसी वजह से उसने अपराध की राह चुनी। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है और फरार तीसरे बदमाश की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# शादी का झांसा देकर फंसाया, युवती बोली- मुझे न्याय चाहिए

## फर्जी दस्तावेज से रचाई नकली शादी, शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के तारापुरी इलाके में एक युवती अपने प्रेमी के घर पहुंच गई और शादी की मांग को लेकर हंगामा किया। लेकिन यह सिर्फ हंगामा नहीं था, बल्कि एक लंबी आपबीती थी, जिसे युवती ने पुलिस और आसपास के लोगों के सामने रखा। पीड़िता के मुताबिक, उसकी मुलाकात 2022 में देहरादून में नौकरी के दौरान इफ्तिखारुल अमीन उर्फ सोनू से हुई थी। युवती ने बताया की शुरूआत में हम सिर्फ दोस्त थे, लेकिन 2024 में उसने शादी की बात करनी शुरू कर दी थी। वह कहती है कि उसने पहले से तय रिश्ते का हवाला देकर मना किया, लेकिन युवक लगातार दबाव बनाता रहा। पीड़िता ने बताया की वह अक्सर उससे कहता था कि अगर मैंने शादी नहीं की तो वह मर जाएगा और खुद को नुकसान पहुंचा लेगा।युवती ने बताया की , दिसंबर 2024 में युवक उसे दिल्ली-गाजियाबाद ले गया। युवती ने आगे बताया की उसने कहा कि हम शादी करेंगे, लेकिन वहां उसने शादी का झांसा देकर मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में कड़कड़डूमा कोर्ट में फर्जी दस्तावेज तैयार कराए गए, जबकि उसे लगा कि यह असली शादी है।पीड़िता ने बताया की उसके बाद दोनों करीब 5-6 महीने तक पति-पत्नी की तरह साथ रहे। युवती ने बताया की मुझे भरोसा था कि सब ठीक हो जाएगा, लेकिन 25 अक्टूबर 2025 को उसके परिवार ने मुझे यह कहकर भेज दिया कि बाद में शादी करेंगे। इसके बाद युवक ने उससे संपर्क तोड़ लिया।

पीड़िता ने बताया कि उसका फोन फॉर्मेट कर दिया गया और परिवार के नंबर भी बदल दिए गए। पीड़िता ने यह भी बताया कि युवक ने उसकी आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी और उसे डराकर अपने साथ रखा। उसके बाद पीड़िता ने बताया की उसने गाजियाबाद के टीला मोड़ थाने में शिकायत दर्ज करवाई जहां जांच के बाद उसे पता चला की शादी के दस्तावेज फर्जी है। युवती का कहना है कि मेरे साथ गलत हुआ है, लेकिन बाद में इसे पति-पत्नी का मामला बताकर दबाने की कोशिश की गई।ह्व उसने कमिश्नर से शिकायत कर केस दोबारा खुलवाया, लेकिन आरोपी पक्ष काउंसलिंग में नहीं पहुंचा।

# हजारों लीटर अवैध शराब नष्ट

#### रोड रोलर से कुचलकर मिट्टी में दबाया गया, न्यायालय के आदेश पर हुई कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार




ग्रेटर नोएडा ,अवैध शराब को नष्ट किया गया। बिसरख पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आबकारी अधिनियम के 110 मामलों से संबंधित लगभग 4000 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब, 1150 लीटर अवैध बीयर और 500 लीटर अवैध देशी शराब को नष्ट किया।पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में माल निरस्तीकरण की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में, बिसरख थाना क्षेत्र में न्यायालय के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। इस दौरान थाना बिसरख प्रभारी और आबकारी निरीक्षक की उपस्थिति में पुलिस ने यह प्रक्रिया पूरी की। वर्ष 2024-25 में आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज कुल 110 अभियोगों से संबंधित इस शराब को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार नष्ट किया गया। इसे रोड रोलर के माध्यम से तोड़कर और गड्ढा खुदवाकर मिट्टी से दबा दिया गया यह शराब विभिन्न अलग-अलग मामलों में पकड़ी गई थी और लंबे समय से थाने के मालखाने में रखी हुई थी। नष्टीकरण की यह कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा थी।

# ग्रेटर नोएडा की पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सोसायटी में दिनदहाड़े चोरी

## नेवी कैप्टन के विला से 600 ग्राम सोना और 6 लाख नकद गायब

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित पैरामांउट गोल्फ फॉरेस्ट सोसायटी में एक नेवी कैप्टन के विला से दिनदहाड़े चोरी हो गई। चोर करीब 600 ग्राम सोना और छह लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। घटना के समय परिवार के सदस्य घर में ताला लगाकर बाहर गए हुए थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना 25 अप्रैल को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच सोसायटी के विला नंबर सी-98 में हुई। विला में रहने वाले कैप्टन इस समय ड्यूटी पर हैं। उनकी पत्नी अनामिका अपने 10 वर्षीय बेटे के साथ घर में रहती हैं। अनामिका के अनुसार, बेटे की तबीयत खराब होने के कारण वह सुबह करीब 11:30 बजे विला में ताला लगाकर डॉक्टर के पास गई थीं। दोपहर करीब 2 बजे लौटने पर उन्हें घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला। कमरे और अलमारियां भी खुली हुई थीं। अलमारी में रखे छह लाख रुपये नकद और छह सौ ग्राम सोने के गहने गायब थे। अनामिका की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना के समय का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें गेट नंबर तीन से हेलमेट पहने दो संदिग्ध बाइक पर सोसायटी में प्रवेश करते दिख रहे हैं।

# 12 साल बाद यमुना पुश्ता की होगी मरम्मत

## 11.20 किमी सड़क निर्माण पर खर्च होंगे 34.18 करोड़, सिचाई विभाग करेगा काम

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,12 साल बाद यमुना मार्जिनल बंध पर बनी चार लेन सड़क की मरम्मत की जाएगी। 11.20 किमी लंबी इस रोड की मरम्मत में करीब 34.18 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। परियोजना के लिए प्राधिकरण ने इसकी स्वीकृति दे दी है। मरम्मत का काम मई महीने में शुरू हो जाएगा। करीब तीन महीने में इसे पूरा किया जाएगा।यह सड़क ग्राम असगरपुर, रायपुर, नगला नगली, नगला बाजिदपुर समेत नोएडा के कई गांवों को जोड़ती है और यमुना नदी में बाढ़ आने की स्थिति में सुरक्षा तटबंध का भी काम करती है। बाढ़ के दौरान इसी सड़क पर ही अस्थाई कैंप भी लगाए जाते है। साल 2014 में इस सड़क का निर्माण नोएडा प्राधिकरण की वित्तीय सहायता से सिंचाई विभाग ने कराया था।सड़क के धसने की स्थितिभारी यातायात और लगातार बारिश के कारण कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं। ऐसे में सड़क को दोबारा से मरम्मत की जाएगी। जीएम एके आरोड़ा ने बताया कि मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जबकि सिटी साइड लेन में गेबियन बॉक्स से पानी रिसाव और ड्रेनेज पाइप जाम होने के कारण सड़क धंसने जैसी स्थिति बन गई है। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है।स्वीकृत परियोजना के तहत सड़क की पूरी लंबाई में मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

# मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान की ओर सशक्त पहल

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का संवेदनशील श्रवण, त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। आज दिनांक 29.04.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# जिलाधिकारी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

**साफ-सफाई व्यवस्था बेहत करने मरीजों को दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने, ईलाज प्रणाली में सुधार करने हेतु सम्बन्धित को किये निर्देशित।**

**मेडिकल कॉलेज में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से की जाये सुनिश्चित- जिलाधिकारी।**

**पूजा यादव नामक मरीज के परिजन से जिलाधिकारी ने मोबाइल पर वार्ता कर ब्लड जॉच की रिपोर्ट समय से प्राप्त होने के सम्बन्ध में ली जानकारी।**

**मेडिकल कालेज में विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित किसी प्रकार की समस्या होने पर उसका तत्काल निराकरण किया जाये सुनिश्चित- जिलाधिकारी।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज राजकीय मेडिकल कॉलेज लोढ़ी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एल0-1 एवं एल0-2 अस्पतालों में भर्ती मरीजों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं तथा उपचार व्यवस्था के संबंध में संबंधित चिकित्सकों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी द्वारा मेडिकल कॉलेज परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु निर्देशित किया गया, उन्होंने कहा कि स्वच्छता में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अभियंता (विद्युत) को निर्देशित करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज परिसर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये व मेडिकल कालेज में विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित किसी प्रकार की समस्या होने पर उसका तत्काल निराकरण किया जाये, उन्होंने चेतावनी दी कि विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा आने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अधिशासी अभियन्ता विद्युत द्वारा बताया गया कि मेडिकल कॉलेज हेतु एक नया फीडर तैयार किया गया है, जो शीघ्र ही संचालन में आ जाएगा। निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों द्वारा नर्सिंग स्टाफ एवं डॉक्टरों की कमी की समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया, इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस संबंध में उच्च स्तर पर पत्राचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि स्टाफ की कमी को शीघ्र दूर किया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले सभी मरीजों को शासन की मंशा के अनुरूप निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए, उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को इलाज में अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## खास समाचार

### जगतखेड़ा में दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल, एक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां (हरदोई)। गांव जगतखेड़ा में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायल रामस्वरूप की हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिल्पी हत्याकांड : पीड़ित परिवार से मिले अखिलेश यादव, सीबीआई जांच की उठाई मांग

मल्लावां (हरदोई)। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गढ़ी रसूलपुर पहुंचकर शिल्पी हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को 5 लाख की आर्थिक सहायता दी और न्याय दिलाने का भरोसा जताया। साथ ही मामले की उइक जांच की मांग करते हुए कहा कि समय पर कार्रवाई होती तो घटना टल सकती थी।

### बुलडोजर और ऑपरेशन लंगड़ा पर क्यों नहीं कार्रवाई? — अखिलेश यादव का सरकार पर हमला

मल्लावां (हरदोई)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा और थानों से लोगों का विश्वास उठता जा रहा है।

### बाबा सुनासीर नाथ मंदिर में अखिलेश यादव ने किया पूजन-अर्चन

मल्लावां (हरदोई)। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बाबा सुनासीर नाथ मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान आचार्य हरिओम मिश्रा ने पूजा संपन्न कराई। मंदिर आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा।

# बारात की खुशियां मातम में बदलीं: सड़क हादसे में बुजुर्ग की दर्दनाक मौत, बरातियों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुसौली इलाके में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बारात में शामिल एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद बारात की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा हादसे में शामिल वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुद्धी थाना क्षेत्र के झरोकला निवासी 65 वर्षीय करतार सिंह अग्रहरि एक बारात में शामिल होने के लिए आए हुए थे। बताया जा रहा है कि बारातियों के साथ वह सड़क किनारे चाय पीने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सड़क पार करते समय तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर मौजूद बरातियों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। हादसे की खबर मिलते ही परिवार और रिश्तेदारों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाहन को भी कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच में जुट गई है। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने और यातायात व्यवस्था को और सख्त करने की मांग की है।

# कोन मंडल के चिल्ह चौराहे पर निकली जन आक्रोश महिला पदयात्रा

## विधायक रत्नाकर मिश्र बोले- 'नारी सम्मान हमारा संकल्प'

अमन लेखनी समाचार




मीरजापुर : नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के कोन मंडल स्थित चिल्ह चौराहे पर आयोजित जन आक्रोश महिला सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान मातृशक्ति के साथ जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली गई, जिसे विधायक मिश्र ने हरी झंडी दिखाई।

### महिलाओं को किया संबोधित, विपक्ष पर साधा निशाना

पदयात्रा के बाद उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए विधायक रत्नाकर मिश्र ने विपक्ष की नीतियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष की सोच महिला सशक्तिकरण को लेकर नकारात्मक और दोहरी है। नारी हितों के प्रति विपक्ष का रवैया हमेशा विरोधात्मक रहा है।

विधायक ने कहा, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लाए गए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का विरोध कर विपक्ष ने साफ कर दिया है कि उनके लिए नारी सम्मान नहीं, केवल सत्ता की राजनीति महत्वपूर्ण है।

### 'हर बहन-बेटी को सम्मान और सुरक्षा हमारा संकल्प'

श्री मिश्र ने दोहराया कि भाजपा सरकार का संकल्प स्पष्ट है- प्रत्येक बहन-बेटी को सम्मान, सुरक्षा, समान अवसर और सशक्त भविष्य प्रदान करना। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार महिला कल्याण की तमाम योजनाओं के जरिए नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बना रही है।

### ये पदाधिकारी रहे मौजूद

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष उमेश तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश सिंह, महामंत्री जटाशंकर मौर्य व निशांत सिंह, मंडल उपाध्यक्ष लवकुश दुबे, अंकुर दुबे, मुनीम यादव, रविंद्र त्रिपाठी, गोपाल दुबे, कार्यक्रम संयोजक श्रीमती तोता सोनकर, मंडल मंत्री गिरीश सोनकर, सतनारायण प्रजापति, शक्ति का.म संयोजक धर्मजीत सिंह, संजीव मिश्रा, पालूराम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने भाग लिया और महिला सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का समर्थन किया।

## रेलवे ट्रैक किनारे पेड़ से लटकता मिला अधेड़ का शव, मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज (हरदोई)। अंबेडकर नगर निवासी 60 वर्षीय रामकिशोर का शव रेलवे लाइन किनारे पेड़ से लटका मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार बेटे के जेल जाने के बाद से वह मानसिक तनाव में थे। मृतक चाय की दुकान चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। भाजपा की जन आक्रोश महिला पदयात्रा, विपक्ष पर साधा निशाना भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जन आक्रोश पदयात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने सपा और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की। पदयात्रा का नेतृत्व मंडल मंत्री सीमा सिंह अर्कवंशी ने किया। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विद्यालय परिसर में संपन्न हुई।

## एस.डी. जनता इंटर कॉलेज में मेधावियों का सम्मान, छात्रा को मिला नकद पुरस्कार

शाहाबाद (हरदोई)। एस.डी. जनता इंटर कॉलेज में मेधावी छात्रों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू ने विद्यार्थियों को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। हाईस्कूल में 91.5% अंक लाने वाली अनुष्का तिवारी को 5100 का चेक प्रदान किया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में आदिवासी युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

चोपन/सोनभद्र। थाना जुगैल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुडारी के खजुरहिया टोला में एक आदिवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर शव सड़क किनारे फेंक दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महेंद्र कोल की झोपड़ी के पास सड़क के उत्तरी किनारे पटरी के पास 26 वर्षीय बल्लू कोल पुत्र पिआरे कोल का शव मिला। आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कर शव को मौके पर फेंका गया है। घटना रात लगभग 12 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पीआरबी 112 की टीम, थाना प्रभारी शिव प्रताप वर्मा तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों से पूछताछ में फिलहाल किसी प्रकार की आपसी रंजिश सामने नहीं आई है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया है। मौके पर झोपड़ी के पास खून के निशान भी मिले हैं। झोपड़ी में रहने वाले उसी बिरादरी के लोग घटना के बाद से फरार बताए जा रहे हैं। मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे आशंका है कि कुल्हाड़ी या किसी धारदार हथियार से हमला किया गया है।

# शिक्षा के क्षेत्र में अनूठी पहल, मेधावियों को मिलेगी निशुल्क पढ़ाई

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई)। एस.डी. जनता इंटर कॉलेज में प्रबंधक सत्यवीर शुक्ला ने शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय पहल करते हुए घोषणा की कि वर्ष 2026 में हाईस्कूल में 85% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि इन छात्रों को किताबें भी मुफ्त उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही अति गरीब एवं अनाथ बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी भी विद्यालय उठाएगा। इस पहल को क्षेत्र में शिक्षा के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# बिजली संकट से जूझ रहा सोनभद्र मेडिकल कॉलेज: 12 घंटे से ठप व्यवस्था, मरीज और तीमारदार बेहाल

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की हालत इन दिनों बदहाल नजर आ रही है। प्रतिदिन करीब डेढ़ से दो हजार मरीजों का इलाज करने वाले मेडिकल कॉलेज में बीती रात लगभग 12 बजे से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण मरीजों, तीमारदारों और अस्पताल स्टाफ को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि अस्पताल की कई महत्वपूर्ण सेवाएं पूरी तरह प्रभावित हो चुकी हैं और मरीज गर्मी, पानी और जांच सुविधाओं के अभाव में बेहाल हैं। बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज में बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण ओपीडी, ब्लड जांच, ऑपरेशन थिएटर और पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ ही जांच कराने पहुंचे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। बिजली न होने के कारण ब्लड टेस्ट के लिए लिए गए सैंपल्स भी प्रभावित हो गए हैं। जानकारी के अनुसार 12 घंटे से अधिक समय बीत जाने के चलते कई ब्लड सैंपल खराब हो चुके हैं, जिससे जांच रिपोर्ट की शुद्धता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज में आए दिन ऐसी समस्या बनी रहती है। कई लोग पिछले दिन भी जांच रिपोर्ट लेने पहुंचे थे, लेकिन बिजली न होने के कारण रिपोर्ट नहीं मिल सकी। गुरुवार सुबह से भी मरीज और तीमारदार रिपोर्ट के इंतजार में मेडिकल कॉलेज परिसर में बैठे रहे। लोगों का कहना है कि इलाज के लिए पहले ही काफी परेशानी उठानी पड़ती है, ऊपर से इस तरह की अव्यवस्था मरीजों की मुश्किलें और बढ़ा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि मेडिकल कॉलेज के सी ब्लॉक में बिजली जाने के बाद किसी प्रकार की बैकअप व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। यहां न तो इनवर्टर की सुविधा है और न ही जनरेटर की समुचित व्यवस्था। जबकि इसी ब्लॉक में ब्लड जांच, डेंटल ओटी और अन्य जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं संचालित होती हैं। ऐसे में अचानक बिजली गुल होने से स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह प्रभावित हो गईं। सी ब्लॉक की प्रभारी डॉ. ज्योति अग्रवाल ने बताया कि उन्हें दो दिन पहले ही इस ब्लॉक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने स्वीकार किया कि बिजली व्यवस्था बाधित होने के कारण मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह समझ से परे है कि अब तक इस ब्लॉक में जनरेटर और इनवर्टर जैसी मूलभूत सुविधाएं क्यों उपलब्ध नहीं कराई गईं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस संबंध में उच्च अधिकारियों से बातचीत कर जल्द ही आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। डॉ. अग्रवाल ने यह भी माना कि लंबे समय तक बिजली न रहने के कारण ब्लड सैंपल प्रभावित हुए हैं, जिसका असर जांच रिपोर्ट पर पड़ सकता है। वहीं अस्पताल प्रशासन का कहना है कि बिजली व्यवस्था को बहाल करने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। फिलहाल मेडिकल कॉलेज की बदहाल व्यवस्था ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं किया गया तो किसी दिन यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# रेणुका नदी पुल की जर्जर हालत पर उठी आवाज, सपा युवजन सभा नेता ने डीएम से की मरम्मत की मांग

अमन लेखनी समाचार



चोपन/ सोनभद्र -ओबरा तहसील क्षेत्र के चोपन-भरहरी मार्ग पर स्थित रेणुका नदी पर बने पुल की जर्जर स्थिति को लेकर अब जनप्रतिनिधियों ने भी आवाज उठानी शुरू कर दी है। समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार यादव ने जिलाधिकारी सोनभद्र को पत्र सौंपकर पुल की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने बताया कि यह पुल लंबे समय से जर्जर अवस्था में है और अब इसकी हालत बेहद खराब हो चुकी है। पुल के कई हिस्सों से नुकीली सरिया बाहर निकल आई है, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, वहीं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी इसी पुल के सहारे अपने स्कूल और कॉलेज पहुंचते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि पुल की मौजूदा स्थिति को देखते हुए किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। इसके अलावा पुल के किनारों पर बालू जमा हो जाने से रास्ता और संकरा व फिसलन भरा हो गया है, जिससे आवागमन और भी जोखिमपूर्ण हो गया है। बरसात के मौसम में यह खतरा कई गुना बढ़ सकता है। प्रदीप कुमार यादव ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाए और पुल की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह पुल किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताई है और प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यह पुल क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है और इसकी अनदेखी सीधे तौर पर आम जनता की सुरक्षा से जुड़ा मामला है।

# शांति भंग की आशंका पर चार गिरफ्तार, पुलिस की तत्पर कार्रवाई से टला विवाद

अमन लेखनी समाचार




बीजपुर ( सोनभद ) पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बीजपुर पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दो अलग-अलग विवादों में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम बीजपुर पुनर्वास प्रथम में एक बारात के दौरान भोजन करने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया था। वहीं ग्राम अंजानी में कुएं से पानी भरने को लेकर दो पक्षों में लंबे समय से तनाव चला आ रहा था। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर दोनों स्थानों पर पक्षकारों के बीच कहासुनी बढ़कर गाली-गलौज और मारपीट की स्थिति बनने लगी। पुलिस द्वारा समझाने-बुझाने के प्रयास के बावजूद स्थिति नियंत्रित न होने पर शांति भंग की आशंका के मद्देनजर चारों आरोपियों–रामअशोक (30 वर्ष), सूरज गुप्ता (20 वर्ष) निवासी बीजपुर पुनर्वास प्रथम तथा गोपाली शर्मा (42 वर्ष) व मानमति (40 वर्ष) निवासी ग्राम अंजानी–को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी बुधवार को की गई जिसके बाद सभी को माननीय न्यायालय दुद्धी भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शिवमोहन राम, आरक्षी संजय कुमार व महिला आरक्षी प्रियंका कुमारी शामिल रहीं।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# हॉरर फिल्म तुम्बाड 2 की रिलीज डेट का ऐलान...

मुंबई। 'तुम्बाड 2' के मेकर्स ने आखिरकार इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। यह मच-अवेटेड सीक्वल 3 दिसंबर को रिलीज होगा। 'तुम्बाड' के साथ सोहम शाह ने भारतीय सिनेमा में लोक कथाओं पर आधारित हॉरर फिल्मों के लिए एक अलग जगह बनाई थी और पिछले कुछ सालों में इस फिल्म की लोकप्रियता लगातार बढ़ी है। अब 'तुम्बाड 2' के साथ मेकर्स उस दुनिया को और आगे ले जाने की तैयारी में हैं, जहां फिल्म की कहानी और स्केल को बड़ा बनाया जाएगा, लेकिन साथ ही वही माहौल बरकरार रखा जाएगा जिसने पहली फिल्म को इतना खास बनाया था।



लाइफ Style

# कंगना

## बॉलीवुड में पूरे किए 20 साल

बॉलीवुड एक्ट्रेस और पॉलिटिशियन कंगना रनौत ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने 20 साल पूरे होने पर पुराने दिनों को याद किया। उन्होंने अपने कॅरियर में कई शानदार फिल्म कर इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बनाई हैं। इस खास मौके पर उन्होंने उस खास फोटोशूट की तस्वीर शेयर की, जिसने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी थी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इसी तस्वीर के जरिए उन्हें फिल्मों में पहला मौका मिला और उनका सफर शुरू हुआ। कंगना रनौत ने इस महीने फिल्म इंडस्ट्री में अपने 20 साल पूरे कर लिए हैं। इस दौरान कंगना ने इंस्टाग्राम पर अपने पहले पोर्टफोलियो शूट की एक झलक शेयर की। ये वही तस्वीर थी, जिसने उनके करियर की शुरुआत में अहम भूमिका निभाई थी। दरअसल, इसी पोर्टफोलियो शूट के जरिए उन्हें मोहित सूरी की फिल्म 'गैंगस्टर' में डेब्यू करने का मौका मिला था, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी। उन्होंने लिखा, 'आज मैंने फिल्म इंडस्ट्री में 20 साल पूरे कर लिए हैं। यह मेरा पहला पोर्टफोलियो है, जिसे जतिन कंपानी ने शूट किया था और इसी ने मुझे 'गैंगस्टर' में सिमरन का रोल दिलाया।' तस्वीर में कंगना रनौत ब्लू ड्रेस में स्टूडियो में खड़ी हैं और कैमरे से नजरें हटाकर पोज दे रही हैं, उनके कर्ली बाल पीछे की ओर लहराते दिख रहे हैं। वहीं, कंगना ने स्टोरी पर एक और फोटो शेयर की, जो उनके पहले मैगजीन शूट की थी. इसमें वो ब्लैक ड्रेस पहने हुए पोज दे रही हैं। बता दें, कंगना रनौत ने महज 18 साल की उम्र में गैंगस्टर से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। अपनी पहली ही फिल्म में कंगना की दमदार अदाकारी को दर्शकों और आलोचकों दोनों ने खूब सराहा था।

हॉलीवुड मसाला



# छोटी सी बात बन गई बड़ी कहानी

लॉस एंजिल्स। बीते दिनों एक खबर काफी चर्चा में रही कि एक्ट्रेस एनी हैथवे ने फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के सेट से पतली मॉडल को हटाने के लिए प्रोडक्शन से बात की थी। हालिया एक इंटरव्यू में एनी हैथवे ने इस पूरे मामले पर खुलकर बात की है। 'गुड मॉर्निंग अमेरिका' शो में सेट पर हुई उस घटना के बारे में एनी हैथवे से पूछा गया। जिसमें कहा गया है कि फिल्म प्रोडक्शन ने पतली मॉडल्स को सेट से हटा दिया गया था। इस पर एनी हैथवे कहती हैं, 'यह सेट पर बस एक छोटी सी बात थी, अब यह एक बहुत बड़ी कहानी बन गई है।



# द डेविल वियर्स प्राडा 2 कल होगी रिलीज

लॉस एंजिल्स। साल 2006 में रिलीज ब्लॉकबस्टर हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा' चर्चा में है। 20 साल बाद अब इसका सीक्वल 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का आ रहा है। यह फिल्म 01 मई को रिलीज हो रही है। साल 2026 में रिलीज हुई 'द डेविल वियर्स प्राडा' को भी डेविड फ्रैंकल ने ही डायरेक्ट किया था। एलीन ब्रॉश मैककेना ने ही तब भी स्क्रीनप्ले तैयार किया था। यह लॉरेन वीसबर्गर के 2003 के इसी नाम के बेस्टसेलर उपन्यास पर आधारित है। फिल्म का बेसिक प्लॉट ये है कि कहानी के केंद्र में एंडी सैक्स (ऐनी हैथवे) है, जो एक पत्रकार बनने की चाह रखने वाली लड़की है। उसे एक फैशन मैगजीन में नौकरी मिलती है, लेकिन वहां उसे अपनी सख्त एडिटर मिरांडा प्रीस्टली (मेरिल स्ट्रीप) की मर्जी से काम करना पड़ता है। साल 2006 में रिलीज 'द डेविल वयर्सि प्राडा' बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त रूप से सफल हुई थी।



# डांस डे पर शेयर किया अनोखा वीडियो

मुंबई। शिल्पा शेट्टी अपनी अपकमिंग फिल्म 'केडी- द डेविल' को लेकर चर्चा में हैं। रिलीज से एक दिन पहले इस फिल्म को सेंसर बोर्ड से 'ए' सर्टिफिकेट के साथ मंजूरी मिल गई है। इससे पहले शिल्पा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो का कैप्शन फैंस का ध्यान खींच रहा है। 29 अप्रैल को डांस डे के मौके पर शिल्पा शेट्टी ने जो वीडियो शेयर किया है वह सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि वह डांस कर रही हैं। वीडियो में एक और क्लिप है, जिसमें एक बुजुर्ग महिला डांस कर रही है। वीडियो के कैप्शन में शिल्पा शेट्टी ने उन लोगों को जवाब दिया है, जो लोग उनकी बढ़ती उम्र को लेकर टिप्पणी करते हैं। उन्होंने लिखा 'उम्र बढ़ रही है, कब तक ऐसे मटकती रहेगी।' इसके जवाब में उन्होंने लिखा 'मटकूंगी जब तक मन करेगा।



# राजा शिवाजी का हिंदी वर्जन होगी छोटी

मुंबई। रितेश देशमुख अपनी आगामी फिल्म 'राजा शिवाजी'की रिलीज की तैयारी में लगे हैं। बड़े बजट में बनी राजा शिवाजी मराठी के साथ-साथ हिंदी में भी रिलीज होगी। आमतौर पर कई भाषाओं में रिलीज होने वाली फिल्मों की अवधि लगभग एक जैसी होती है, सिर्फ भाषा का अंतर होता है। लेकिन, यह फिल्म इस नियम को तोड़ती है। राजा शिवाजी का हिंदी वर्जन मराठी वर्जन से छोटा होगा। सीबीएफसी ने 'राजा शिवाजी'को 16+ आयु वर्ग के लिए सर्टिफिकेट दिया है। मराठी वर्जन की अवधि तीन घंटे, पंद्रह मिनट और पांच सेकंड है। जबकि हिंदी वर्जन इससे ठीक आठ मिनट छोटा है, यानी तीन घंटे सात मिनट और पांच सेकंड का है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि फिल्म की अवधि कम होने का कारण सीबीएफसी द्वारा अनिवार्य कोई कटौती नहीं है।

टीवी मसाला




# तारक मेहता का उल्टा चश्मा में निभाए 20 से भी ज्यादा किरदार

नई दिल्ली। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले 18 साल से दर्शकों का मनोरंजन करता आ रहा है। साल 2008 में शुरू हुए असित मोदी के इस शो में अभी तक ढेरों कलाकार, ढेरों किरदारों में नजर आए और छा गए। दयाबेन से लेकर जेठालाल, बबीता जी, टप्पू सेना, पत्रकार पोपटलाल और बाबूजी जैसे मुख्य किरदारों के अलावा साइड किरदारों ने भी अपनी खूब छाप छोड़ी। आलम ये है कि 'तारक मेहता...' के कलाकारों को फैंस उनके असली नाम से नहीं, बल्कि शो में निभाए किरदारों से पहचानते हैं। लेकिन, इस शो में एक ऐसा एक्टर रहा है, जिसने इसमें 20 से अधिक किरदार निभाए और अलग ही रिकॉर्ड कायम कर दिया। यह हैं एक्टर नीलेश भट्ट। नीलेश भट्ट 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में छोटे-छोटे लेकिन 20 से अधिक किरदारों में नजर आए और छा गए। अगर उन्हें 'तारक मेहता...' का 'गिरगिट' कहा जाए, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। वह वाकई एक 'गिरगिट' हैं, जो दिए गए हर किरदार और रंग में इस तरह घुल गए, जैसे वह उनके लिए ही लिखा गया हो। नीलेश भट्ट ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जो किरदार निभाए, वो हैं- बाबू चिपके, शराबी ड्राइवर, भिड़े का रिश्तेदार, सुंदर का दोस्त, राजू भाई खाऊं गाली, कारपेंटर, खोटे क्लासेस, सोसाइटी का चोर, चंदू चिल्लर और हरियाली होटल के मैनेजर जैसे रोल शामिल हैं। हर किरदार में नीलेश भट्ट ने जान भर दी थी और दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया था। मालूम हो कि नीलेश भट्ट एक गुजराती एक्टर हैं।

## 50 की स्मृति का 51 साल का पोता!

नई दिल्ली। एकता कपूर का सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' टीआरपी लिस्ट में नंबर 1 पर बना हुआ है। शो की कास्टिंग में बड़ा बदलाव हुआ है और एक्टर आकाशदीप सैगल की एंट्री हुई है। हालांकि, लोगों को ये बात पसंद नहीं आई। अब एक्टर ने भी इस पर सफाई दी है।



आकाशदीप सैगल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की दुनिया में एक नए किरदार में वापसी कर रहे हैं। तुलसी विरानी के बागी बेटे अंश का किरदार निभाने के बाद, अब वे रीबूट में अंश के बेटे, तुलसी के पोते के रूप में नजर आएंगे। यह बदलाव शो के लिए एक तरह से पूरा चक्र पूरा होने जैसा है, लेकिन कई दर्शकों को कास्टिंग पसंद नहीं आई है। लोगों का मानना है कि आकाशदीप की उम्र तुलसी का पोता बनने की नहीं है। हालांकि, आकाशदीप इसे एक किएटिव कदम बताते हैं। दिलचस्प बात यह है कि शो के पहले सीजन में अंश को उसकी ऑनस्क्रीन मां तुलसी (स्मृति ईरानी) ने गोली मार दी थी।

# टॉक्सिक के बाद अब 'है जवानी तो इश्क होना है' की बदली रिलीज डेट



मुंबई। आए दिन फिल्मों की रिलीज डेट में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों बंदर की रिलीज डेट बदली। वहीं, यश की मच अवेटेड 'टॉक्सिक'फिर आगे बढ़ गई। अब वरुण धवन की 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज में भी एक बार फिर बदलाव किया गया है। 22 मई को रिलीज होने वाली ये फिल्म अब नए बदलाव के साथ अपनी पुरानी रिलीज डेट यानी 5 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। टॉक्सिक की रिलीज डेट में बदलाव के बाद अब मेकर्स ने 'है जवानी तो इश्क होना है'की रिलीज डेट को भी फिरसे बदल दिया है। दरअसल, 'है जवानी तो इश्क होना है'अभी तक 22 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बुधवार को जैसे ही टॉक्सिक की रिलीज डेट 4 जून से आगे बढ़ी, वैसे ही मेकर्स ने 'है जवानी तो इश्क होना है'की रिलीज को 22 मई से बदलकर 5 जून कर दिया है। जाहिर है कि 'है जवानी तो इश्क होना है की असल रिलीज डेट भी 5 जून ही थी, लेकिन 4 जून को टॉक्सिक के रिलीज होने के चलते, मेकर्स ने इसे पहले 22 मई को ही रिलीज करने का फैसला किया था। लेकिन, अब टॉक्सिक 4 जून को रिलीज नहीं हो रही है। इसलिए, वरुण धवन की फिल्म अपनी असल रिलीज डेट 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की रिलीज डेट बदलने पर वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने फिल्म के दो नए पोस्टर भी साझा किए और साथ ही यश और मैडॉक फिल्म्स को धन्यवाद भी बोला। वरुण ने रिलीज डेट की जानकारी देते हुए लिखा, 'है जवानी तो इश्क होना है 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यश और मैडॉक फिल्म्स का धन्यवाद जिन्होंने हमारी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज डेट तय करने में मदद की। अब यह फिल्म अपनी तय तारीख पर ही रिलीज होगी।

# धुरंधर 2 में दिखाए गए धमाके हैं असली क्लाइमैक्स सीन में 500 लीटर पेट्रोल का इस्तेमाल





मुंबई। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' इस साल मार्च में रिलीज होते ही चर्चा का विषय बन गई। फिल्म के जबरदस्त एक्शन सीन और धमाकेदार सेट इसकी बड़ी खासियतें थीं। फिल्म के एसएफएक्स सुपरवाइजर विशाल त्यागी ने बताया कि फिल्म में दिखाए गए सभी धमाके असली थे। रणवीर सिंह और अर्जुन रामपाल के साथ फिलमाए गए क्लाइमैक्स सीन में 500 लीटर पेट्रोल का इस्तेमाल किया गया था। विशाल ने बताया कि उनसे अक्सर छोटे धमाके करने को कहा जाता है, जिन्हें बाद में सीजीआई की मदद से और बड़ा दिखाया जाता है। लेकिन, 'धुरंधर 2' में इस तरीके का इस्तेमाल नहीं किया गया। उन्होंने कहा, 'आदित्य धर ने कहा, 'मैं सीजीआई का इस्तेमाल नहीं करना चाहता,' खासकर धमाकों के लिए। जो आखिरी टैंकर धमाका था, वह सबसे मुश्किल था। उसमें सुरक्षा को लेकर सबसे बड़ी चिंता थी। जरा सोचिए- 500 लीटर पेट्रोल! उस धमाके से उड़ने वाले सभी टुकड़े असली थे। रणवीर धमाके वाली जगह के बहुत करीब चल रहे थे। मुझे यह पक्का करना था कि आग की लपटें उन तक न पहुंचें। हमने सारा काम पूरी सावधानी से किया और रणवीर सिंह को ठीक-ठीक बताया कि उन्हें कहां से चलना शुरू करना है।' विशाल ने बताया 'मुझ पर प्रोडक्शन का बहुत प्रेशर था। धमाके के लिए असली ट्रेन और कंटेनरों का इस्तेमाल किया गया था। यह बहुत मुश्किल काम था, लेकिन हमें खुद पर भरोसा था। प्रोडक्शन टीम ने मुझसे 250 लीटर तेल इस्तेमाल करने को कहा था, लेकिन मैं अपनी बात पर अड़ा रहा कि कम से कम 500 लीटर तेल की जरूरत होगी। सही असर पाने के लिए, मुझे हर टैंक में 25 किलो विस्फोटक डालना पड़ा।' 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह एक जबरदस्त अवतार में नजर आए। इसमें उनके किरदार जसकीरत सिंह रंगी से हमजा बनने तक का सफर दिखाया गया है। फिल्म को अच्छे रिव्यू मिले हैं।

## लता ने अमर बना दिया दिल एक मंदिर का गीत

# वो कालजयी गीत, हसरत जयपुरी ने एक गाने में पिरोए 7 भाव

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर में कई ऐसे गीत बने, जो सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं रहे, बल्कि भावनाओं का दस्तावेज बन गए। साल 1963 में रिलीज हुई 'दिल एक मंदिर' का गीत 'हम तेरे प्यार में सारा आलम खो बैठे' भी उन्हीं कालजयी नग्मों में शामिल है। इस गीत को सुनते हुए ऐसा महसूस होता है मानो प्रेम के हर रंग को शब्दों और सुरों में ढाल दिया गया हो। गीतकार हसरत जयपुरी न इस एक गीत मे सात अलग-अलग भावों से इतनी खूबसूरती से पिरोया कि यह गीत आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है।



### भावनाओं की पूरी दुनिया समेटे हुए

इस अमर गीत को अपनी मधुर आवाज लता मंगेशकर ने दी थी। उनकी आवाज की मासूमियत और दर्द ने गीत के हर शब्द को जीवंत बना दिया। यही वजह है कि यह गाना सिर्फ एक रोमांटिक ट्रैक नहीं रहा, बल्कि प्रेम और विरह की गहराइयों को महसूस कराने वाला अनुभव बन गया। हसरत जयपुरी बॉलीवुड के उन चुनिंदा शायरों में से एक थे, जिनकी पंक्तियां सीधे दिल को छू जाती थीं। यह गाना न सिर्फ संगीतमय है, बल्कि भावनाओं की एक पूरी दुनिया समेटे हुए है। इसमें शिकायत, लगाव, सदमा, अनुरोध, समर्पण, व्यथा और शुद्ध प्रेम... ये सात भाव एक के बाद एक उभरते हैं और श्रोता को पूरी तरह बांध लेते हैं।

*कौन-कौन से हैं वो 7 भाव? पहला भाव: लगाव. 'हम तेरे प्यार में सारा आलम खो बैठे हैं' नायिका अपने पति से अपने लगाव का जिक्र करती है और बताती हैं कि कैसे वह प्यार में इतना खो गई है कि अब संसार में कुछ नजर नहीं आता।*

दूसरा भाव: शिकायत. 'तुम कहते हो के ऐसे प्यार को भूल जाओ, भूल जाओ' यहां नायिका अपने पति की बात पर शिकायत करती है कि वह कैसे इस गहरे प्यार को भूलने की बात कह सकते हैं।

तीसरा भाव: समर्पण. 'पंछी से छुड़कर उसका घर, तुम अपने घर पर ले आए, ये प्यार का पिंजरा मन भाया, हम जी ही जी में मुस्काए' जैसी लाइनें पूर्ण समर्पण दर्शाती हैं। नायिका प्यार को पिंजरा भी मानने को तैयार है, बस वह अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है।

चौथा भाव: सदमा. 'जब प्यार हुआ इस पिंजरे से, तुम कहने लगे आजाद रहो।' गाने की ये पंक्तियां सदमे की तीव्रता दिखाती हैं. जिसमें पति के प्रस्ताव से मिला गहरा सदमा पूरे गाने में झलकता है।

पांचवां भाव: अनुरोध. 'हम कैसे भुलाए प्यार तेरा, तुम अपनी जुबां से ये न कहो'. नायिका बार-बार अनुरोध करती है कि ऐसा न कहो, यह प्यार भूलने लायक नहीं है।

छठा भाव: व्यथा. 'अब इन चरणों में दम निकले, बस इतनी और तमन्ना है' जैसी पंक्ति व्यथा की पराकाष्ठा दिखाती है। गाने में छिपी वेदना और पीड़ा लता जी की आवाज में चरम पर है।

सातवां भाव: शुद्ध प्रेम. 'इस तेरे चरण की धूल से हमने, अपनी जीवन मांग भरी, जब ही तो सुहागन कहलाई, दुनिया के नजर में प्यार बनी'। एक औरत के लिए पत्नी बनने के बाद उसका पति ही सबकुछ होता है। पति से ही सुहाग प्रेम सब कुछ है। पूरे गाने का सार है शुद्ध, निश्छल और आत्मसमर्पण भरा प्रेम. जिसमें कोई स्वार्थ नहीं, सिर्फ एकनिष्ठ भक्ति है यानी शुद्ध प्रेम।

### बेहद लोकप्रिय हुआ यह गाना

1963 में रिलीज होने के बाद यह गाना बेहद लोकप्रिय हुआ। आज भी जब यह गाना बजता है तो सुनने वाले की आंखें नम हो जाती हैं। यह गाना उस दौर की पतिव्रता, समर्पण और एकनिष्ठ प्रेम की भावना को दर्शाता है, जो आज के समय में भी अपनी प्रासंगिकता रखता है। आज के डिजिटल युग में भी यह गाना यूट्यूब, गाना और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर लाखों बार सुना जा चुका है। यह साबित करता है कि सच्ची भावनाएँ और बेहतरीन शब्द कभी पुराने नहीं होते।